* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

28 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 10

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


नहाय खाय के साथ आस्था का महापर्व छठ आज से शुरू




SURJABASHA








# राज्यपाल के बयान से चढ़ा झारखंड का राजनीतिक पारा

**रांची (आजाद सिपाही)। करीब दो महीने के बाद झारखंड का राजनीतिक पारा गुरुवार को अचानक चढ़ गया। राज्यपाल रमेश बैस द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सदस्यता मामले में रायपुर में चुनाव आयोग के मंतव्य की बाबत दिये गये बयान के बाद सत्तारूढ़ झामुमो जहां राज्यपाल पर हमलावर है, वहीं भाजपा ने झामुमो की टिप्पणी को अनुचित बताते हुए उससे माफी की मांग की है। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने भी इस मामले में राजभवन को निशाने पर लिया है।**

## राज्य की जनता हमारे साथ, लिफाफे की चिंता हमें नहीं : हेमंत सोरेन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बंद लिफाफे को लेकर चांडिल में पत्रकारों को कहा कि लिफाफा को बंद ही रहने दें। जब खुलेगा, तब देखा जायेगा। वैसे झामुमो हर संघर्ष को तैयार है। कहा कि जब राज्य की जनता उनके साथ है, तो किसी भी लिफाफे की चिंता करने की जरूरत नहीं है। इधर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चांडिल में कहा है कि लिफाफा को बंद ही रहने दें। जब खुलेगा, तब देखा जायेगा। वैसे झामुमो हर संघर्ष को तैयार है। उन्होंने कहा कि जब राज्य की जनता उनके साथ है, तो किसी भी लिफाफे की चिंता करने की जरूरत नहीं है। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मामले में जल्द फैसला सुनाने की मांग करते हुए पहले ही कहा था कि देश की यह पहली घटना है, जब सजा सुनने वाला राज्यपाल से



गुहार लगा रहा है कि मेरी सजा तो बताओ। अगर मैं असंवैधानिक तरीके से मुख्यमंत्री पद पर बैठा हूं तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है। केंद्र सरकार मेरे खिलाफ अपनी असीम ताकत का दुरुपयोग कर रही है। आसमान को जमीन से मिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें इसकी चिंता नहीं है कि निर्वाचन आयोग की तरफ से राजभवन को भेजे गये लिफाफे में क्या है।

## राज्यपाल ने कहा था : झारखंड में पटाखा बैन नहीं है और एकाध एटम बम फूट सकता है

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल रमेश बैस ने बुधवार को रायपुर में एक निजी टीवी चैनल से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता मामले पर चुनाव आयोग के मंतव्य की बाबत कहा था कि उन्होंने शिकायत को दोबारा मंतव्य के लिए भेजा है। उन्होंने कह दिया कि झारखंड में पटाखा बैन नहीं है और एकाध एटम बम फूट सकता है। उनका यह बयान राजनीतिक गलियारे में



चर्चा का विषय बना हुआ है। इससे पहले राज्यपाल ने कहा था कि आयोग का लिफाफा इतनी मजबूती से चिपका है कि वह खुल ही नहीं रहा। उन्होंने यह भी कहा था कि लिफाफा कब खुलेगा, यह मेरी मर्जी। राज्यपाल ने कई और बातें भी कहीं थीं। उन्होंने कहा था कि मैं संवैधानिक पद पर हूं। इसलिए मैं नहीं चाहता कि मुझ पर कोई आरोप लगाये कि फैसला बदले की भावना से लिया गया है।

### बम का जवाब तीर-धनुष से देते हैं झारखंडी : झामुमो

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस के बयान से सत्तारूढ़ झामुमो बेहद नाराज है। पार्टी ने राज्यपाल पर हमला करते हुए भाजपा को निशाने पर लिया है। पार्टी प्रवक्ता तनुज खत्री ने कहा है कि राज्यपाल के इस बयान से साफ हो गया है कि देश की संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल केंद्र कर रहा है। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के खिलाफ की गयी शिकायत को दोबारा मंतव्य के लिए चुनाव आयोग के पास भेजा है। एक बार जब चुनाव आयोग ने इस पर अपनी राय दे दी, तो फिर क्यों उससे दोबारा राय मांगी गयी? यह साफ है कि यह चुनाव आयोग के मंतव्य को बदलने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि केंद्र अपना राजनीतिक फायदा देख रहा है। जाहिर है कि चुनाव आयोग के पहले मंतव्य में कोई ऐसी बात नहीं होगी। भाजपा ऐसी पार्टी है, जो रातों-रात सरकार बनाती और बिगाड़ती है। अगर चुनाव आयोग के मंतव्य में ऐसा कुछ होता, तो भाजपा अब तक चुप नहीं होती। इस मामले में जितना भी ओपिनियन ले लें, जनता ने जो ओपिनियन दिया है, वह पांच सालों के लिए है। डॉ खत्री ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक रूप से अपनी पहचान रखता है और यहां के लोग तीर-धनुष चलाना जानते हैं। इतिहास गवाह है कि कई बार बम का जवाब तीर-धनुष से दिया गया है।

### राजभवन को राजनीति का अखाड़ा न बनाया जाये : कांग्रेस

**रांची।** कांग्रेस का पक्ष रखते हुए प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि इस मामले पर अब तक फैसला आ जाना चाहिए था। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के द्वारा बयानबाजी गंभीर मामला है। इससे यही लग रहा है कि फैसले को अपने अनुसार बदलने की कोशिश है। राजभवन को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए। एक नहीं, राज्यपाल चाहें, तो चुनाव आयोग से दस बार मंतव्य ले लें, लेकिन राज्यपाल की ओर से इस तरह की बयानबाजी उचित नहीं है।

### झामुमो के नेताओं को माफी मांगनी चाहिए : भाजपा

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने इस पूरे मामले पर झामुमो के नेताओं की बयानबाजी को अनुचित करार दिया है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस बयानबाजी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि उन नेताओं को माफी मांगनी चाहिए, जो राज्यपाल पर आरोप लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के बयान पर टिप्पणी करने का अधिकार किसी राजनीतिक दल को नहीं है। भाजपा भी उनके बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती, लेकिन झामुमो बार-बार राज्यपाल पर आरोप लगा रहा था। लेकिन राज्यपाल ने नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत से एक कदम आगे बढ़ कर चुनाव आयोग से दोबारा मंतव्य मांगा है। राज्यपाल पर बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाने वाले नेताओं को माफी मांगनी चाहिए। इससे ज्यादा पारदर्शी तरीका और क्या हो सकता है।

### खूंटी जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद भी ठेकेदार ने अधूरे पड़े कार्य को शुरू नहीं किया

# पंद्रह दिन बाद तमाड़-खूंटी रोड को अनिश्चितकाल के लिए जाम करेंगे सात पंचायत के 12000 ग्रामीण

### कोरबा में हुई बैठक में आंदोलन की बनी रूपरेखा, शुरू होगा जनसंपर्क अभियान





- बरसात के दिनों में अड़की, खूंटी और खरसावां जाने से वंचित हो जाते हैं क्षेत्र के 12 हजार गरीब आदिवासी

**कोरबा से स्वरूप भट्टाचार्य**

**अड़की** के बीरबांकी, गगरा, जोपनो, रेगाबेड़ा, तुंबावली, जोजोवली, वडानी, कोचांग, लपापीड़ी, तुरुंगा, साके, साली, नवादा और कामेगड़ा सहित सात पंचायत के लगभग 12 हजार लोग लंबे आंदोलन के लिए कमर कस चुके हैं। पत्थलगड़ी के समय पूरी तरह से प्रभावित इस इलाके के लोग लंबे समय बाद अपने कामकाज में लगे थे और अपनी दिनचर्या को सहज बनाने की कोशिश कर रहे थे कि झारखंड के अधिकारियों की उदासीनता के कारण एक बार वे बड़े आंदोलन के लिए तैयार हो रहे हैं। आक्रामक आंदोलन का यह रास्ता उन्होंने बहुत ही मजबूरी में उठाया है। अधिकारियों की वादाखिलाफी और प्रशासन तथा ठेकेदार की उदासीनता के कारण उन्होंने यह तय किया है कि अगर पंद्रह दिनों के अंदर अड़की-बीरबांकी-बंदगाव सड़क का अधूरा पड़ा कार्य शुरू नहीं होता है, तो वह अपने हाथों में तीर धनुष लेकर खूंटी-तमाड़ रोड को अनिश्चितकाल के लिए जाम कर देंगे। इस संदर्भ में गुरुवार को दिन के दो बजे कोरबा में सात पंचायत के लोग जुटे थे। सभी के चेहरे पर गुस्सा था। उनका कहना था कि इस सड़क के अधूरे कार्य को शुरू करने के लिए 21 जुलाई को उन्होंने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ खूंटी के डीसी से मुलाकात की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि बरसात के बाद उक्त सड़क का काम शुरू करवाया जायेगा, लेकिन आज तक यह सिर्फ आश्वासन ही है। बता दें कि अड़की-बीरबांकी-कोचांग सड़क का निर्माण कार्य 2019 से ही चल रहा है। यह 44 किलोमीटर लंबी सड़क है। बीच-बीच में सड़का का निर्माण अधूरा है। इस कारण से बरसात के दिनों में इस क्षेत्र के लगभग बारह हजार लोगों का संपर्क अन्य क्षेत्रों से कट जाता है। बरसात के समय सड़क पर पानी और कीचड़ पूरी तरह पसर जाता है। ग्रामीण चाह कर भी अड़की, बंदगांव, चक्रधरपुर नहीं जा पाते। कई बार तो गर्भवती महिलाओं को अस्पताल भी नहीं पहुंचाया जा सका। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो जाता है। अगर किसी ने उस सड़क पर चलने का साहस किया, तो वह अपने हाथ-पैर से हाथ धो बैठता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बच्चों को होती है।

लंबे आंदोलन और संघर्ष के बाद 2019 में इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ। 210 करोड़ की लागत से बननेवाली इस सड़क का निर्माण कार्य कई जगहों पर इसलिए रोक दिया गया कि कुछ जमीन वन विभाग की है। ठेकेदार यह कहता रहा कि वन विभाग ने एनओसी नहीं दिया है, लिहाजा हम सड़क नहीं बना सकते। ग्रामीणों के आंदोलन के बाद खूंटी जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और वहां के डीसी के प्रयास से 23 अगस्त को वन विभाग की ओर से एनओसी भी मिल गयी, बावजूद एम एस कंस्ट्रक्शन अधूरे पड़े कार्य को पूरा नहीं कर रहा है।

बार-बार के आग्रह के बाद भी जब काम शुरू नहीं हुआ, तो बाध्य होकर सात पंचायत के लोग गुरुवार 27 अक्तूबर को कोरबा में एकत्रित हुए। उन्होंने एक लंबी बैठक वहां की। यह बैठक ग्राम प्रधान जागा मुंडा की अध्यक्षता में हुई। उसमें ग्रामीणों ने कहा कि अब आक्रामक आंदोलन ही एकमात्र रास्ता है। बार-बार के आग्रह के बावजूद प्रशासन इस मामले में ढिलाई बरत रहा है और ठेकेदार माल खाकर बैठ गया है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के पहले पूरे क्षेत्र में घूम-घूम कर जनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा और लोगों को संगठित किया जायेगा। उसके बाद 15 दिन के बाद खूंटी-तमाड़ पथ को जाम कर दिया जायेगा। इस बैठक में सूरज मुंडा, जबरा पाहन, बुरजू मुंडा, हरिसिंह मुंडा, दीपक समद और हालू मुंडा उपस्थित थे।

ग्रामीणों का कहना था कि अड़की से सीकेपी को जोड़नेवाली यह सड़क तीन विधायकों के क्षेत्र से गुजरती है। इसमें तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा, सीकेपी के विधायक सुखराम उरांव और दशरथ गगराई का इलाका पड़ता है। ग्रामीणों का कहना था कि उन्होंने विधायकों को भी बार-बार आग्रह भिजवाया, लेकिन उनकी तरफ से उदासीनता ही बरती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप था कि खूंटी के सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जीत के बाद एक बार भी इस क्षेत्र में नहीं आये। चुनाव के समय उन्होंने वादा किया था कि इस सड़क का निर्माण कार्य तेजी से कराया जायेगा, लेकिन सांसद को तो छोड़ दीजिए, उनके प्रतिनिधि भी इस क्षेत्र में सुध लेने नहीं आते। बता दें कि यह पूरा इलाका मुंडा बहुल है और यहां के लोग मुख्य रूप से खेती-बारी पर ही निर्भर हैं। आय का अन्य साधन उनके पास नहीं है। जब उनसे कहा गया कि आप लोग रांची जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्या क्यों नहीं बताते, तो उनका कहना था कि रांची जाने के लिए उनके पास उतने पैसे नहीं हैं। गाड़ी भाड़ा कहां से लायेंगे। सड़क खराब होने के कारण हम बरसात के दिनों में अड़की बाजार तक नहीं जा पाते। जरूरी सामान तक नहीं खरीद पाते। बीमारी के समय अस्पताल नहीं जा पाते। उनका यह भी कहना था कि एनओसी मिलने के बाद भी सड़क का नहीं बनना, उनकी समझ से परे है। अधिकारियों को हमारी परेशानी से कुछ लेना-देना नहीं है। वह तो एयरकंडीशंड कमरों में बैठ कर अपना जीवन व्यतीत करते हैं। उनके लिए सभी सुविधाएं हैं, हम अपने भाग्य भरोसे बैठे हैं।


बता दें कि इस सड़क के अधूरे पड़े कार्य को कराने के लिए बीरबांकी के हरिसिंह मुंडा, प्रदीप मुंडा, दीत मुंडा, गीत समद, बीरबांकी के पूर्व मुखिया जबरा पाहन लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। ये लोग हर उस दरवाजे तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं, जहां से उन्हें उम्मीद दिखाई देती है। लेकिन किसी ने भी इस ग्रामीणों की परेशानी की तरफ ध्यान नहीं दिया है। जावरा पाहन का कहना है कि सुखराम उरांव, दशरथ गगराई और विकास सिंह मुंडा इस क्षेत्र के लोगों की उपेक्षा कर रहे हैं। लेकिन वे भूल जा रहे हैं कि फिर चुनाव आयेगा। उस समय यहां के लोग अपने अधिकार का प्रभाव दिखायेंगे।

## मल्लिकार्जुन खड़गे की स्टीयरिंग कमेटी में अविनाश और डॉ अजय को मिली जगह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर किया। इसके साथ ही उन्होंने स्टीयरिंग कमेटी का एलान भी किया। स्टीयरिंग कमेटी में झारखंड प्रदेश कमिटी के प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ अजय कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया है।

**राजेश ठाकुर और आलमगीर आलम ने दी बधाई :** सदस्य नियुक्त किये जाने पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों अनुभवी एवं कर्मठ नेता हैं। दोनों के अनुभव का लाभ एवं मार्गदर्शन संगठन को मिलता रहेगा। बता दें कि कांग्रेस पार्टी में परंपरा है कि कांग्रेस के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने के बाद कांग्रेस वर्किंग कमिटी (सीडब्ल्यूसी) भंग कर दी जाती है और पार्टी के कामकाज के संचालन के लिए सीडब्ल्यूसी की जगह स्टीयरिंग कमेटी बनायी जाती है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 60,500 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


# मोदी युग में प्रगाढ़ होती सनातन की चमक

## इस ब्रह्मांड में पैदा होनेवाले हर प्राणी को देर-सबेर, कभी न कभी सनातन की शरण में जाना ही होगा

### 129 साल पहले विवेकानंद ने सनातन की सत्यता को दर्शाया था : चुनाव के मौसम में अब केजरीवाल को भी आने लगी है सनातन की याद

आजाद सिपाही विशेष

**सनातन का अर्थ है जो शाश्वत हो, सदा के लिए सत्य हो। जिन बातों का शाश्वत महत्व हो, वही सनातन कहा गया है। जैसे सत्य सनातन है। ईश्वर ही सत्य है, आत्मा ही सत्य है, मोक्ष ही सत्य है और इस सत्य के मार्ग को बताने वाला धर्म सनातन भी सत्य है। वह सत्य, जो अनादि काल से चला आ रहा है और जिसका कभी भी अंत नहीं होगा, वही सनातन या शाश्वत है, जिसका न प्रारंभ है, जिसका न अंत है, उस सत्य को सनातन कहते हैं। यही सनातन धर्म का सत्य है। इसी सत्य को आत्मसात किया है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने। वह सनातन पथ से तनिक भी डिगे नहीं। भले लाख जतन कर, उनके प्रतिद्वंद्वियों ने उन्हें इस सत्य के रास्ते से डिगाने की पुरजोर कोशिश की। उनका मजाक बनाया। उनकी भक्ति पर सवाल उठाये, लेकिन जब परिणाम सामने आया, वही लोग आज सनातन का नकली चोला ओढ़ने को मजबूर हैं। मोदी युग में आज भव्य राम मंदिर के निर्माण से लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर तक, महाकाल लोक से लेकर सोमनाथ मंदिर तक, केदारनाथ मंदिर से लेकर श्रीनगर में झेलम नदी के किनारे बने रघुनाथ मंदिर तक चहुंओर सनातन की रोशनी चमक रही है। इस चमक ने राहुल गांधी को कभी जनेऊ धारण करने को विवश कर दिया था, तो अखिलेश यादव के सपने में भगवान कृष्ण आने लगे थे। आज अरविंद केजरीवाल के मन में भी हिंदू हृदय सम्राट बनने का भाव जग गया है। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव को लेकर केजरीवाल की हिंदू भक्ति जाग गयी है। वह प्रधानमंत्री से मांग कर रहे हैं कि भारतीय करेंसी पर गांधी जी के साथ-साथ गणेश-लक्ष्मी की तस्वीर भी प्रिंट की जाये। लगता है कि अरविंद केजरीवाल का सेक्यूलर झाड़ू की सीकें झड़ने लगी हैं और उन्हें हिंदू देवी-देवताओं की याद आने लगी है। उन्होंने बताना शुरू कर दिया है कि वह कितने हिंदू हैं। या यूं कहें कि कितने कट्टर हिंदू हैं। कभी 20 मई 2019 को अपने ट्वीट में अरविंद केजरीवाल ने एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें झाड़ू से स्वास्तिक चिह्न को भगाया जा रहा है। अब स्वास्तिक चिह्न की हिंदू धर्म में क्या मान्यता है, यह केजरीवाल जैसे लोगों को आज पता चल रहा है। यह वे लोग हैं, जिन्हें सनातन शब्द से ही एलर्जी थी। जिनकी पूरी राजनीति हिंदू विरोध से ही चलती थी। याद होगा, कैसे केजरीवाल ने कश्मीरी पंडितों पर बनी फिल्म कश्मीर फाइल्स का मजाक बनाया था। कभी अरविंद केजरीवाल ने बाबरी विध्वंस पर अपनी नानी से पूछा था कि नानी अब तो आप बड़ी खुश होंगी। अब आपके राम का मंदिर बननेवाला है। तो नानी ने कहा, ना बेटा, मेरा राम किसी की मस्जिद तोड़ कर ऐसे मंदिर में नहीं बस सकता। वही केजरीवाल आज गुजरात में सरकार आने पर फ्री में राम मंदिर घुमाने की बात कर रहे हैं। क्या राम भक्तों को अब राम मंदिर जाने के लिए अरविंद केजरीवाल से भीख लेनी पड़ेगी। जिन लोगों ने राम मंदिर निर्माण के लिए करोड़ों का चंदा इकट्ठा कर लिया, वे केजरीवाल की फ्री वाली स्कीम के मोहताज होंगे। फ्री वाले केजरीवाल क्या जानें सनातन धर्म की ताकत को। सनातनी तो पैदल ही अपने राम के दर्शन करने निकल पड़ता है। एक वक्त था, जब स्वामी विवेकानंद ने 1893 में अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में हिंदुत्व को लेकर भाषण दिया था। उन्होंने हिंदुत्व की वह तस्वीर दिखायी कि हजारों की संख्या में उपस्थित विदेशी उस सनातनी के दीवाने हो गये थे। आज भारत पर दो सौ सालों तक राज करने वाला ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व भी एक हिंदू के हाथ में है। धर्म ही किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास की पूंजी है। अगर धर्म ही नहीं रहेगा, तो उस व्यक्ति या देश की पहचान पर ग्रहण लगना तय है। यह ज्ञान नरेंद्र मोदी में बखूबी है, तभी वह देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजने ओर उसका पुनर्निर्माण करने में लगे हैं। कैसे चहुंओर सनातन का डंका बज रहा है, कैसे कभी हिंदुत्व को पानी पी-पीकर कोसने वाले लोग इसकी शरण में पहुंच रहे हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

### स्वामी विवेकानंद का वह भाषण, जो सनातन की सत्यता को दर्शाता है

जब भी विश्व पटल पर सनातन का जिक्र होगा, स्वामी विवेकानंद के उस संबोधन को याद किया जायेगा, जब उन्होंने अपने शुरुआती शब्दों के इस्तेमाल मात्र से ही सनातन की सत्यता का लोहा मनवा दिया था। आज से 129 साल पहले स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में भाग लिया था। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत मेरे अमेरिकी भाइयो और बहनो कह कर की थी, जिसके बाद सभागार कई मिनटों तक तालियों की गूंज से गूंजती रहा। उन्होंने कहा था, अमेरिका के बहनो और भाइयो, आपके इस स्नेहपूर्ण और जोरदार स्वागत से मेरा हृदय अपार हर्ष से भर गया है और मैं आपको दुनिया की प्राचीनतम संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं। मैं आपको सभी धर्मों की जननी की तरफ से धन्यवाद देता हूं और सभी जातियों, संप्रदायों के लाखों, करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आपका आभार व्यक्त करता हूं। मेरा धन्यवाद उन वक्ताओं को भी है, जिन्होंने इस मंच से यह कहा कि दुनिया में सहनशीलता का विचार सुदूर पूरब के देशों से फैला है। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं, जिसने दुनिया को सहनशीलता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया। हम सिर्फ सार्वभौमिक सहनशीलता में ही विश्वास नहीं रखते, बल्कि हम विश्व के सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं। मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं, जिसने सभी धर्मों और सभी देशों के सताये गये लोगों को अपने यहां शरण दी। मुझे गर्व है कि हमने अपने दिल में इसराइल की वो पवित्र यादें संजो रखी हैं, जिनमें उनके धर्मस्थलों को रोमन हमलावरों ने तहस-नहस कर दिया था और फिर उन्होंने दक्षिण भारत में शरण ली। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं, जिसने पारसी धर्म के लोगों को शरण दी और लगातार अब भी उनकी मदद कर रहा है। मैं इस मौके पर वह श्लोक सुनाना चाहता हूं, जो मैंने बचपन से याद किया और जिसे रोज करोड़ों लोग दोहराते हैं।

**रुचिनां वैचित्र्याद्दजुकुटिलनानापथजुषाम।**
**नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।**

जिस तरह अलग-अलग जगहों से निकली नदियां, अलग-अलग रास्तों से होकर आखिरकार समुद्र में मिल जाती हैं, ठीक उसी तरह मनुष्य अपनी इच्छा से अलग-अलग रास्ते चुनता है। ये रास्ते देखने में भले ही अलग-अलग लगते हैं, लेकिन ये सब ईश्वर तक ही जाते हैं। मौजूदा सम्मेलन, जो कि आज तक की सबसे पवित्र सभाओं में से है, वह अपने आपमें गीता में कहे गये उपदेश इसका प्रमाण है।

**ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम।**
**मम वत्मार्नुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः।।**

इसका अर्थ है, जो भी मुझ तक आता है, चाहे कैसा भी हो, मैं उस तक पहुंचता हूं। लोग अलग-अलग रास्ते चुनते हैं, परेशानियां झेलते हैं, लेकिन आखिर में मुझ तक पहुंचते हैं। सांप्रदायिकता, हठधर्मिता और उनकी वीभत्स वंशधर धर्मांधता इस सुंदर पृथ्वी पर बहुत समय तक राज्य कर चुकी हैं। वे पृथ्वी को हिंसा से भरती रही हैं, उसको बारंबार मानवता के रक्त से नहलाती रही हैं, सभ्यताओं को विध्वस्त करती और पूरे-पूरे देशों को निराशा के गर्त में डालती रही हैं। यदि ये वीभत्स दानवी न होती, तो मानव समाज आज की अवस्था से कहीं अधिक उन्नत हो गया होता, पर अब उनका समय आ गया है, और मैं आंतरिक रूप से आशा करता हूं कि आज सुबह इस सभा के सम्मान में जो घंटाध्वनि हुई है, वह समस्त धर्मांधता का, तलवार या लेखनी के द्वारा होनेवाले सभी उत्पीड़नों का तथा एक ही लक्ष्य की ओर अग्रसर होनेवाले मानवों की पारस्पारिक कटुता का मृत्युनिनाद सिद्ध हो।

स्वामी विवेकानंद द्वारा यह महज भाषण नहीं था, यह सनातन धर्म की वह तस्वीर है, जिस पर लोग गर्व भी करते हैं और कुछ ईर्ष्या भी। स्वामी विवेकानंद ने उसी वक्त सनातन की ताकत का आभास विश्व को करवा दिया था। आज 2022 है ओर विश्व में सनातन का डंका बजना शुरू हो चुका है।





### मोदी युग में सनातन की चमक

आज सनातन की वही लौ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हाथों में ले रखी है। आज मोदी युग गवाह बन रहा है भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक उदय का। मोदी युग में ही पांच सौ वर्षों से लंबित राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ और आज भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य भी चल रहा है। भारी प्राकृतिक आपदा झेल चुके हमारे चार धाम में से एक, केदारनाथ धाम का कायाकल्प भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति से संपन्न हो चुका है। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा नामक परियोजना परवान चढ़ चुकी है और लगभग सभी दुर्गम आस्था केंद्रों पर अब 12 महीने आसानी से पहुंचा जा सकता है। ऋषिकेश और कर्णप्रयाग को रेलवे मार्ग से भी जोड़ा जा रहा है, जो 2025 तक पूरा होगा। कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति के बाद मंदिरों के पुनरुद्धार का काम जोरों पर है। श्रीनगर स्थित रघुनाथ मंदिर हो या माता हिंगलाज का मंदिर, सभी प्रमुख मंदिरों के स्वरूप को नवजीवन दिया जा रहा है। पिछले साल भारत की आध्यात्मिक राजधानी काशी का पुनरुद्धार नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति से ही संभव हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जितना ध्यान देश के मंदिरों के पुनरुद्धार पर दिया है, उतना ही ध्यान विदेशों में भी जीर्ण-शीर्ण हालत में पड़े पुराने मंदिरों की योजनाओं पर भी लगाया है। इस दिशा में सबसे पहले बहरीन स्थित दो सौ साल पुराने श्रीनाथ जी के मंदिर के लिए 4.2 मिलियन डॉलर खर्च किये जाने की योजना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने अबू धाबी में भी यहां के पहले मंदिर की 2018 में आधारशिला रखी। हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात में विशाल हिंदू मंदिर का लोकार्पण आधिकारिक रूप से वहां की सरकार ने किया। जबेल अली अमीरात के कॉरिडोर ऑफ चॉलरेस में स्थित इस विशाल मंदिर के बनने से वहां के हिंदुओं का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ है, जिसके पीछे भारत की मोदी सरकार का अथक प्रयास है। गुजरात के मेहसाणा जिले में चालुक्य शासन में बनाये गये मोढेरा के सूर्य मंदिर का भी पुनरुद्धार हुआ। चाहे विंध्यवासिनी धाम हो या सोमनाथ मंदिर, पावागढ़ का महाकालिका मंदिर हो या उत्तराखंड का केदारनाथ धाम, पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण तक हर तरफ हिंदुत्व का डंका बज रहा है।

### ब्रिटेन का पहला हिंदू प्रधानमंत्री

यह महज इत्तेफाक नहीं है, यह काल का एक चक्र है कि ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बने हैं। जिस देश ने भारत पर दो सौ साल तक राज किया था, उस देश का प्रतिनिधित्व भारतीय मूल के एक हिंदू के हाथों में है। ऋषि सुनक अपने हिंदू होने पर गर्व महसूस करते हैं। जब ऋषि सुनक ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने पहले भाषण के दौरान वहां मौजूद लोगों का अभिवादन किया, तो उनके हाथ में पवित्र लाल कलावा देखा गया। हिंदू धर्म में हाथ पर कलावा, जिसे रक्षा सूत्र भी कहते हैं, पहनना बहुत ही शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म में कोई भी पूजा-पाठ कलावे के बगैर संपन्न नहीं होता है। हिंदू धर्म में मान्यता है कि कलावे की सूती डोर में स्वयं भगवान का वास होता है। इसे बांधने से व्यक्ति की तमाम विपत्तियों से रक्षा होती है। इसके अलावा व्यक्ति के अंदर सकारात्मकता आती है और उसके तमाम काम बनने लगते हैं। साल 2020 में ऋषि सुनक को वित्त मंत्री की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान उन्होंने भगवद् गीता पर हाथ रख कर शपथ ली थी। ऋषि सुनक कहते हैं कि मैं अब ब्रिटेन का नागरिक हूं, लेकिन मेरा धर्म हिंदू है। भारत मेरी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं एक हिंदू हूं और हिंदू होना ही मेरी पहचान है। अपनी डेस्क पर भगवान गणेश की प्रतिमा रखने वाले सुनक धार्मिक आधार पर बीफ त्यागने की अपील भी कर चुके हैं। वह खुद भी बीफ का सेवन नहीं करते हैं।

### अरविंद केजरीवाल भी हिंदुत्व का अलाप रहे राग

इधर आम आदमी पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के गढ़ में सेंध लगाने की हर कोशिश में जुट गयी है। इसी बीच अरविंद केजरीवाल ने हिंदू कार्ड खेलते हुए भाजपा को घेरने की कोशिश की है। केजरीवाल को दिवाली में पूजा करते वक्त एक ख्याल आया और उस ख्याल को उन्होंने जगजाहिर किया। उन्होंने कहा कि मेरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग है कि देश की करेंसी पर गांधी जी की तस्वीर के साथ-साथ लक्ष्मी गणेश की भी तस्वीर हो। यह भाव केजरीवाल को तब आया, जब गुजरात ओर हिमाचल का चुनाव नजदीक है। यह वही अरविंद केजरीवाल हैं, जिनकी सरकार ने कहा था कि दिवाली में पटाखा फोड़ने पर जेल होगी। आज अरविंद केजरीवाल गुजरात की जनता को कह रहे हैं कि अगर उनकी गुजरात में सरकार आयी, तो वह वहां के लोगों को फ्री में राम मंदिर के दर्शन करवायेंगे। मतलब अब वह धर्म में भी फ्री की पॉलिटिक्स कर रहे हैं। शायद वह भूल गये हैं कि राम भक्तों को किसी की खैरात की जरूरत नहीं होती। वह अपने राम से मिलने नंगे पांव भी निकल पड़ता है। एक वक्त अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि जब बाबरी मस्जिद का ध्वंस हुआ, तब मैंने नानी से पूछा कि नानी अब तो आप बड़ी खुश होंगी। अब तो आपके भगवन राम का मंदिर बनेगा। तो नानी ने कहा, ना बेटा, मेरा राम किसी कि मस्जिद तोड़ कर ऐसे मंदिर में नहीं बस सकता। एक और बयान में अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मैं सोच रहा था कि अगर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की जगह जवाहर लाल नेहरू मंदिर बना देते, तो क्या इस देश का विकास हो सकता था। लेकिन आज जब मोदी युग में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, तो केजरीवाल को लग रहा है कि इसका पूरा क्रेडिट तो मोदी ही ले जायेंगे, तो फ्री में दर्शन करवाने वाला पासा ही फेंक दो। कभी पानी पी-पीकर हिंदुत्व विरोधी बयान देने वाले केजरीवाल आज बोलते फिर रहे हैं कि मैं एक धार्मिक आदमी हूं। हनुमान जी का कट्टर भक्त हूं। मेरा जन्म जन्माष्टमी के दिन हुआ था। मुझे भगवान ने एक स्पेशल काम देकर भेजा है। इन कंस की औलादों का नाश करने के लिए। उन्होंने खुद को भगवान कृष्ण नहीं बोला, यही गनीमत है। वास्तव में केजरीवाल का यह बयान और उनका बदला रुख सियासी ही नहीं, उस सनातन की विराट सत्यता को साबित करता है, जिससे कोई बच नहीं सका है। इस ब्रह्मांड में पैदा होनेवाले हर प्राणी को देर-सबेर, कभी न कभी सनातन की शरण में जाना ही होगा, चाहे वह कितना भी तीसमार खां क्यों न हो।

---

# चेंजमेकर बन रहे हैं मॉडल स्कूल के शिक्षक

## बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए 80 मॉडल स्कूलों के शिक्षकों को मिल रहा प्रशिक्षण

**अजीम प्रेमजी फाउंडेशन कर रहा शिक्षकों का क्षमतावर्धन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा निर्देश में सरकारी स्कूल के बच्चों को निजी स्कूल के तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए राज्य के आदर्श विद्यालय कार्यक्रम में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। सरकार ने इन स्कूलों के शिक्षकों को चेंजमेकर के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसके लिए मॉडल स्कूल में पढ़ाने वाले प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन भी प्रशिक्षण प्रदान दे रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में विशेष तौर पर अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और हिंदी विषय पर ध्यान दिया जा रहा है।



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को आदर्श विद्यालय के स्कूल हेडमास्टर, डाइट फैकल्टी, विषय विशिष्ट मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रमुख हितधारकों के क्षमता वृद्धि कार्यक्रम की अवधारणा और संचालन के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन सहयोग कर रहा है। मालूम हो कि मॉडल स्कूल के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को आइआइएम जैसे संस्थान भी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

**10 माह की रुपरेखा तैयार :** यह कार्यक्रम राज्य के करीब चार हजार मॉडल स्कूलों के लिए एक प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यशालाओं की एक श्रृंखला के माध्यम प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले चरण में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने चेंजमेकर के रूप में चिन्हित 80 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ 10 महीने के व्यापक प्रशिक्षण की रूपरेखा के तहत स्कूल के लिए बेहतर विजन विकसित करना, स्कूल में गुणवत्ता में सुधार, गुणवत्ता सुधार के लिए नेतृत्व क्षमता में वृद्धि, सीखने की संस्कृति का विकास, सीखने के माहौल का निर्माण समेत अन्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

**ये भी होगा कार्य :** 10 माह के प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशालाओं की योजना बनायी गयी है। इसके जरिये माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर यानि नौवीं से 12वीं कक्षा तक पढ़ाने वाले शिक्षकों की विषय विशेषज्ञता की पहचान की जायेगी। 150 डाइट संकायों के लिए व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें डाइट्स के विजुअलाइजेशन और कार्य के विवरण को शामिल किया जायेगा। इस योजना के तहत प्रत्येक 5 दिनों में कुल तीन कार्यशालाएं आयोजित होंगी। जहां अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी और विज्ञान के 200 विषय विशिष्ट मास्टर प्रशिक्षकों की क्षमता विकसित करने का कार्य होगा।

---

## कोलकाता की कंपनी के खिलाफ अवैध माइनिंग की शिकायत

# केंद्र ने दिया जांच का आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता की खनन कंपनी के खिलाफ खनन विभाग में शिकायत की गयी है। कंपनी का नाम मेसर्स सौरा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड है, जिस पर पाकुड़ और चातरा में अवैध माइनिंग और अवैध स्टोन चिप्स की ढुलाई का आरोप है। लिखित पत्र में बताया गया है कि निदेशक सौराजीत दत्त के नाम से पाकुड़ के विशुनपुर में 3.21 एकड़ क्षेत्र में पत्थर उत्खनन पट्टा 31 मार्च 2022 तक के लिए दिया गया, लेकिन लीज अवधि खत्म होने के बाद भी क्षेत्र में खनन कार्य जारी है। ऐसे में सरकार से मामले में जांच की मांग की गयी है, जिसमें बताया गया है कि कंपनी की ओर से क्षेत्र से खनन किया ,पत्थर कितना बेचा गया, सभी की रॉयल्टी की जांच की जाये। विभाग से इनके द्वारा ली गयी संपूर्ण दस्तावेज और माइनिंग चालान के दस्तावेजों की जांच की मांग की गयी है।

### अधिक जमीन में किया गया खनन

लिखित पत्र में बताया गया है कि विभाग से खनन कार्य करने के लिए जितने एकड़ में अनुज्ञप्ति दी गयी है, उससे अधिक एकड़ में खनन का कार्य किया गया है। साथ ही सरकारी पथ पर भी उनकी ओर से खनन का कार्य किया गया है, जिससे विभाग की मिलीभगत से सरकार के करोड़ों की राशि के राजस्व की क्षति पहुंचायी जा रही है। वहीं, लीज अवधि की समाप्ति के बाद किये गये उत्खनन भूमि को समतलीकरण करना है, यह सरकार का प्रावधान है। लेकिन लीज समाप्ति के बाद भी कंपनी की ओर से भूमि का समतलीकरण नहीं किया गया है।

**रेलवे बैंक से स्टोन चिप्स की सप्लाई :** कंपनी सौरा कंस्ट्रक्शन के खिलाफ एक अन्य पत्र इस्टर्न रेलवे के जीएम को लिखा गया है, जिसमें बताया गया है कि बंगाल के वीरभूम जिला के चातरा रेलवे साइडिंग के रेलवे बैंक से करोड़ों के स्टोन चिप्स बिना चालान और बिना आरआर के बंगलादेश और अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है। पत्र में कंपनी की संपूर्ण स्टोन चिप्स और बोल्डर के माइनिंग चालान एवं रेलवे के आरआर की जांच की मांग की गयी है।

**केंद्र सरकार ने दिया है जांच का आदेश :** मामले में एक शिकायत केंद्रीय खनन विभाग से भी की गयी है। 12 अक्टूबर को मामले में संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार ने जांच का आदेश दिया है। केंद्रीय खनन विभाग ने राज्य खनन विभाग को आदेश दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

188100 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+

Watch Time (HR) 11 Lakh+

YouTube Channel

Subscribe NOW

No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.2 °c | 16.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.13 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.51 बजे |

# 25 करोड़ रुपये की लागत से झारखंड का पहला सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 15 नवंबर, 2022 को झारखंड 22 साल का हो जायेगा। इस 22 साल में राज्य ने कई प्रगति की है। इसी कड़ी में राज्य का पहला सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क राज्यवासियों को जल्द मिलने वाला है। इससे मल्टीनेशनल कंपनियां यहां आयेंगी। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा राज्य में चार अन्य सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही राज्य में कुल पांच सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क बन रहे हैं। वहीं, डाटा सेंटर से देश-विदेश स्थित क्लाइंट को सेवाएं भी मिलेंगी।

भारत और झारखंड सरकार की संयुक्त पहल से सरायकेला-खरसावां स्थित आदित्यपुर के श्रीडुंगरी में बने लगभग 25 करोड़ की लागत से तैयार सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में भारत सरकार के सेंटर फॉर एक्सीलेंस के साथ यूएस की क्यू कनेक्ट, उदयपुर की फाइव स्पलैश कंपनियों के अलावा यूके का डाटा सेंटर स्थापित होंगे। इसके लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया को प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

## तीन हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

छह माह में इन परियोजनाओं के शुरू होने के बाद यहां लगभग तीन हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इतना ही नहीं, यहां स्टार्टअप इको सिस्टम विकसित किया जायेगा, जिसका लाभ पूरे कोल्हान को मिलेगा। एसटीपीआइ के अपर निदेशक सिद्धार्थ राय ने बताया कि उक्त चारों परियोजनाओं के छह माह में शुरू होने की संभावना है। डाटा सेंटर से देश-विदेश स्थित क्लाइंट को सेवाएं मिलेंगी।

## तीन माह में पूरी तरह तैयार हो जायेगा एसटीपी

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क अगले तीन माह में बन कर पूरी तरह तैयार हो जायेगा। इस समय इसकी आंतरिक रिपोर्ट आनी बाकी है और लैंड स्केपिंग का काम चल रहा है, जिसके तहत भवन के समक्ष पार्क, वाहनों की पार्किंग आदि बननेवाले हैं। उक्त सभी काम इस साल के अंत तक पूरे हो जायेंगे।

## स्टार्टअप इको सिस्टम से मिलेगी कई सुविधाएं

श्री राय ने बताया कि एसटीपी में स्थापित होने वाले स्टार्टअप इको सिस्टम से युवाओं को कई सुविधाएं मिलेंगी। इसके माध्यम से विश्व के इको सिस्टम से जुड़ने का मौका मिलेगा। यह न सिर्फ सॉफ्टवेयर का बाजार मुहैया करायेगा, बल्कि टीम को बड़ा करने के लिए सीड फंडिंग के साथ प्रोटोटाइप फंड उपलब्ध कराने के साथ उत्पाद को पेटेंट करवाने में विशेषज्ञों की मदद भी दिलवायेगा।

## उद्देश्य है स्टार्टअप का माहौल बनाना

एसटीपी की स्थापना का उद्देश्य इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी (आइटी) के क्षेत्र में आधारभूत सुविधा और स्टार्टअप के लिए माहौल विकसित करना है। इसके माध्यम से मेंटरशिप उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे विश्व के किसी भी कोने में स्थित इस क्षेत्र के विशेषज्ञों की मदद मिलेगी।

## बोकारो में होगा झारखंड का पांचवां एसटीपी

जमशेदपुर, देवघर, रांची, धनबाद के बाद अब बोकारो में भी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क बनाया जायेगा, जो झारखंड का पांचवां सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क होगा। सरायकेला के आदित्यपुर में एसटीपी लगभग तैयार हो चुका है, जबकि देवघर, रांची और धनबाद में इसका काम प्रगति पर है।

# झारखंड में म्यूटेशन के लंबित हैं 86065 मामले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) की स्थिति लगातार बिगड़ती ही जा रही है। राज्य में राजस्व उपनिरीक्षक बीते 16 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल की वजह से लंबित मामले बढ़ते जा रहे हैं। दाखिल-खारिज के लिए रैयत आवेदन देने के बाद अब दौड़ लगा रहे हैं, लेकिन काम नहीं हो रहा है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में अभी करीब 86065 मामले पेंडिंग हैं, जिनमें से 17545 मामले सिर्फ रांची में लटके हुए हैं। रांची जिला के सभी अंचलों को मिलाकर 94 ऐसे मामले फिलहाल पेंडिंग हैं, जिन्हें 90 दिन पूरे हो गये हैं। वहीं 30 दिनों से अधिक समय तक 3673 मामले पेडिंग हैं।

**क्या है प्रावधान :** दाखिल-खारिज के निबटारे का प्रावधान 90 दिनों में करने का है, लेकिन इस समय के बाद भी राज्य में 12183 मामले लटके हुए हैं। वहीं सेवा की गारंटी अधिनियम के तहत, म्यूटेशन के लिए जो समय तय है, उसमें हर हाल में दाखिल-खारिज कर देना है, लेकिन यदि फिर भी अंचलाधिकारी दाखिल-खारिज नहीं करते हैं, तो वे अपने से ऊपर के पदाधिकारियों को भेजेंगे, लेकिन विभाग के स्तर पर दाखिल-खारिज के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए कोई ठोस प्रयास शुरू नहीं हुआ है।

| जिला | लंबित मामला | 30 दिन से अधिक | 90 दिन से अधिक |
|---|---|---|---|
| कोडरमा | 3422 | 1656 | 434 |
| खूंटी | 1280 | 284 | 222 |
| गढ़वा | 6444 | 2967 | 653 |
| गुमला | 1123 | 451 | 125 |
| गिरिडीह | 5972 | 2244 | 800 |
| गोड्डा | 104 | 86 | 07 |
| चतरा | 2087 | 1026 | 287 |
| जामताड़ा | 102 | 63 | 03 |
| दुमका | 912 | 08 | 00 |
| देवघर | 1007 | 621 | 02 |
| धनबाद | 10134 | 4182 | 600 |
| पश्चिम सिंहभूम | 2781 | 1169 | 278 |
| पूर्वी सिंहभूम | 874 | 330 | 130 |
| पलामू | 5257 | 2369 | 806 |
| पाकुड़ | 4124 | 1255 | 1208 |
| बोकारो | 5661 | 2274 | 988 |
| रांची | 17545 | 3673 | 3240 |
| रामगढ़ | 2178 | 617 | 414 |
| लातेहार | 1351 | 655 | 121 |
| लोहरदगा | 3717 | 1794 | 385 |
| सरायकेला खरसावां | 1935 | 311 | 218 |
| साहेबगंज | 3139 | 1900 | 421 |
| सिमडेगा | 420 | 03 | 23 |
| हजारीबाग | 9758 | 4484 | 1397 |
| कुल | 86065 | 33073 | 12183 |

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान। व्यापार वृद्धि।
- **वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता।
- **मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे। निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे।
- **कर्क** नये लोगों से संपर्क। शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख।
- **सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास। शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।
- **कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे। अवसरों का फायदा उठावें। मांगलिक कार्य होगा।
- **तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। आर्थिक परेशानी दूर होगी।
- **वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति।
- **धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास। बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन लाभकारी।
- **मकर** थोड़े परिश्रम से ही कार्य सिद्ध होंगे। वाहन सुख। यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।
- **कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या। खर्च अधिक। नवीन समस्या का सूझ-बूझ से होगा समाधान।
- **मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा। मानसिक चिंता। दिमागी तनाव रहेगा।

## आइजी प्रिया दुबे को मिला रेल आइजी का अतिरिक्त प्रभार

**रांची (आजाद सिपाही)।** आइजी ट्रेनिंग के पद पर पदस्थापित प्रिया दुबे को अपने कार्य के अलावा आइजी रेल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी कर दी गयी है।

# सोहराय पर्व मनाने ननिहाल पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को सोहराय पर्व मनाने सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड अंतर्गत धातकीडीह स्थित अपने ननिहाल पहुंचे। सीएम हेमंत सोरेन अपने पिता गुरुजी शिबू सोरेन के साथ हेलीकॉप्टर से पहुंचे।

हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद आदिवासी रीति-रिवाज से सीएम एवं गुरुजी का पैर धुलाया गया। फिर हेलीपैड स्थल से गांव पहुंचने पर ननिहाल की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत करते हुए घर के अंदर प्रवेश कराया।

## सीएम ने ढोल-नगाढ़े के साथ मनाया सोहराय पर्व

सोहराय पर्व को लेकर अपनी ननिहाल पहुंचे सीएम खुद ढोल बजाते दिखे। इस दौरान गुरु खुटान में भी शामिल हुए। हेमंत सोरेन ने कहा कि हम लोग सपरिवार सोहराय पर्व मनाने मामा घर पहुंचे हैं। ननिहाल मेरे लिए बहुत बड़ी सौगात है। यहां आकर अपने बचपन की यादों को ताजा करने की कोशिश करते हैं। कहा कि यह परंपरागत त्योहार है। अपने-अपने गांव में लोग पहुंचते हैं। कोविड-19 के बाद त्योहार में आने का मौका मिला। काफी अच्छा लगा। मामा घर के छोटे-छोटे बच्चे बड़े हो गये हैं।

**पारंपरिक रीति-रिवाज से मुख्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत**

धातकीडीह में ग्रामीणों ने आदिवासी रीति-रिवाज के साथ ढोल-मांदर की थाप पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करीब दो घंटे तक अपने ननिहाल में ठहरे। सोहराय पर्व में खासकर गुड़ पीठा और छिलका पीठा खाने का रिवाज है। सीएम हेमंत सोरेन अपने ननिहाल में गुड़ पीठा और छिलका पीठा खाकर सोहराय पर्व की याद को ताजा किया। इस दौरान सोहराय पर्व पर सीएम के ननिहाल की तरफ से उनका पैर धुलाया गया एवं नये वस्त्र के रूप में आदिवासी पोशाक भेंट किया। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन अपने मामा-मामी एवं भाई-बहनों के साथ करीब दो घंटे तक समय बिताया।

## ससुराल में गुरुजी का भी हुआ भव्य स्वागत

गुरुजी शिबू सोरेन भी ससुराल पहुंचे। यहां पहुंचने पर पारंपरिक रीति-रिवाज से इनका भी भव्य स्वागत किया गया। ससुराल के लोगों ने नये वस्त्र भेंट किये। इसके बाद सीएम और गुरुजी शिबू सोरेन रांची के लिए हेलीकॉप्टर से निकल गये।

इस अवसर पर कोल्हान डीआइजी, उपायुक्त अरवा राजकमल, एसपी आंनद प्रकाश, विधायक सविता महतो, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, एसडीओ रंजीत लोहरा, सीएम के मामा गुरुचरण किस्कू, चारुचांद किस्कू, झामुमो के केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, सुखराम हेंब्रम, सुधीर किस्कू आदि झामुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

# जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में विवाद, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के पंडरा ओपी क्षेत्र के विकास नगर में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में विवाद हुआ। दोनों तरफ से जम कर मारपीट हुई है।

मारपीट के दौरान दोनों गुटों के कई लोग घायल हो गये। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी।

## पुलिस को देखते ही दोनों पक्ष के लोग भागे

पुलिस के मौके पर पहुंचते ही दोनों पक्षों के लोग भागने लगे। मौके पर केवल घायल ही बच गये, जिन्हें पुलिस की सहायता से इलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेजा गया है। उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

## शपथ-पत्र

शपथ पत्र संख्या 3288 दिनांक 01.08.2022 मैं, गायत्री पाण्डेय, पति-श्री मुरारी पाण्डेय, पिता का नाम-श्री बालमुकुन्द पाठक उम्र -लगभग 27 वर्ष, पेशा-गृहिणी धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता-भारतीय, निवास स्थान ग्राम-स्टेशन रोड, पतरातु पो.-पतरातु, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़ (झारखंड), शपथपूर्वक निम्न ब्यान करती हूं कि:-

1. यह कि, मेरा सही और वास्तविक नाम गायत्री पाण्डेय है जो मेरा शैक्षिणक प्रमाण पत्र (टी. सी. संख्या-52/2007-2008) में मतदाता पहचान पत्र संख्या-MKJ8005209 में तथा मेरा जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या-B-2022-20:03023-000062 जारी करने का तिथि-14.04.2022 में दर्ज है।
2. यह कि, श्री मुरारी पाण्डेय, पिता-स्व बैजनाथ पाण्डे के साथ मेरा विवाह सम्पन्न होने से पूर्व मेरा उक्त आधार कार्ड (संख्या-2025 2735 6950) बना था जिसमें मेरा पुकारु नाम बंसती कुमारी और पता मायके का ग्राम-रेकमा, पो. कैंलुगा, थाना-गुमला, जिला-गुमला (झारखंड) दर्ज है।
3. यह कि मैं यह शपथ पत्र संबंधित पदाधिकारी के समक्ष दाखिल करने के लिए बना रही हूं।

# हेमंत सोरेन के खनन लीज मामले में जेएमएम को आरटीआइ के तहत नहीं मिलेगी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

## निर्वाचन आयोग से आया जवाब

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खनन लीज मामले में भारतीय निर्वाचन आयोग में सुनवाई के बाद बंद लिफाफे में मंतव्य झारखंड के राज्यपाल के पास करीब 2 महीने पहले ही भेजा जा चुका है। इस मामले को लेकर राज्यपाल की तरफ से कोई भी खुलासा नहीं किया गया है। मीडिया के सामने राज्यपाल ने एक बार लिफाफा बड़े कस कर चिपकने की बात कही।

वहीं दूसरी बार उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग से दूसरी बार मंतव्य मांगा गया है। कभी भी एक-आध एटम बम फूट सकता है। वहीं जेएमएम की तरफ से राजभवन को सूचना के अधिकार के तहत आवेदन दिया गया है कि निर्वाचन आयोग के मंत्वय को साझा किया जाये।

## आरटीआइ के तहत नहीं दी जायेगी जानकारी

झारखंड मुक्ति मोरचा की तरह बोकारो जिला निवासी कसमार प्रखंड के हेमंत कुमार महतो ने भी भारतीय निर्वाचन आयोग से खनन लीज मामले में आरटीआइ के तहत सूचना मांगी थी, जिसका जवाब हेमंत कुमार महतो को आ गया है।

जवाब में बताया गया है कि मांगी गयी जानकारी और दस्तावेज को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8(1)(ड़) और 8(1)(ज) के तहत प्रकटीकरण से छूट दी गयी है। यदि आप उपलब्ध कराये गये जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, तो प्रथम अपील, इस पत्र की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर की जा सकती है। इसके अलावा अपीलीय प्राधिकारी का विवरण दिया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग के जवाब से साफ होता है कि हेमंत सोरेन के खनन लीज के मामले को सूचना के अधिकार से बाहर रखा गया है। इसलिए न तो राजभवन और न ही भारतीय निर्वाचन आयोग इस मामले में मांगी गयी सूचना को देने के लिए बाध्य है। भारतीय निवार्चन आयोग की तरफ से दिये गये जवाब से साफ होता है कि राजभवन भी जेएमएम को किसी तरह की जानकारी उपलब्ध नहीं करायेगा।

# लोहड़ी गांव के ग्राम प्रधान अशोक सिंह मुंडा की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के लोहड़ी गांव के ग्राम प्रधान अशोक सिंह मुंडा की हत्या कर दी गयी है। अपराधियों ने बांस के डंडे से पीट - पीट कर हत्या कर दी है। शव घर से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित पानी टंकी के पास से बरामद हुआ है। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि अशोक सिंह मुंडा को बुधवार की रात लगभग सात बजे किसी का फोन आया। वो फोन पर बात करते हुए घर से निकले और काफी देर तक घर नहीं आये, तो उनका बेटा त्रिलोचन मुंडा ने अपने पिता को कई बार फोन किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद त्रिलोचन मुंडा अपने चाचा सत्यनारायण मुंडा के साथ पिताजी को खोजने निकले। जब घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित पानी टंकी के पास पहुंचे, तो देखा कि बीच सड़क पर खून से लथपथ शव पड़ा हुआ है। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस वहां पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के पास से एक बांस का डंडा भी बरामद किया गया है, जिसमें खून लगा हुआ था। परिजनों ने बताया कि ग्राम प्रधान का किसी से कोई दुश्मनी नहीं था। सबके साथ अच्छा व्यवहार था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

इधर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया की अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला मृतक के बेटे ने दर्ज किया है। पुलिस अपराधी के खोज के लिए गांव मे डेरा डाले हुए है। इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हत्यारे गांव के ही बताये जा रहे हैं। बगल में दीपावली के उपलक्ष्य मे जुआ का खेल हो रहा था। लोग नशे में थे। इसी बीच नशे में बांस से उसके सिर में मारा गया। उस वक्त रात के लगभग दस बज रहे थे। घटनास्थल पर सिर से खून के रिसाव के चलने मौत हो गयी।


## दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची के द्वारा निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-22-23-15 एवं टीआरडी-आरएनसी-22-23-16, दिनांक 26.10.2022 के तहत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 18.11.2022 को 15.30 बजे या उसके बाद है: **क्रम सं. 1, ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-22-23-15, दिनांक 26.10.2022, कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (i) राँची मंडल के मुरी-बरकाकाना (एसएल)-सीटीआर (पी)-5.515 टीकेएम एवं मुरी-राँची (अप)-सीटीआर (पी)-1.832 टीकेएम के सिलसिले में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (ii) राँची मंडल-टीआरआर (पी)-40.216 टीकेएम के सिलसिले में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (iii) मुरी-चाण्डिल जं. (एसएल)-टीएसआर(पी)-21.960 टीकेएम के सिलसिले में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (iv) राँची मंडल-टीआरआर (एस)-21.605 टीकेएम के सिलसिले में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (v) राँची मंडल-टीएसआर (पी)-76.961 टीकेएम के सिलसिले में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 35,78,650.03, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति :** रु. 71,600/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-22-23-16, दिनांक 26.10.2022, कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (i) राँची मंडल के मुरी-बीआरकेए एस/लाइन खंड में बरलंगा (बीएलएनजी)-हारुबेरा (एचआरबीआर) के बीच आईबी सिग्नल के निर्माण के कारण ओएचई का रूपांतरण। (ii) राँची मंडल के किमी. 378/19-20 में एचआरबीआर-जीआरई स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट एमबी-18 (एचआरबीआर) के इंटरलॉकिंग के सिलसिले में ओएचई का रूपांतरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 9,18,785.73, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति :** रु. 18,400/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु दिनांक 18.11.2022 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का वर्णन एवं विवरण: www.ireps.gov.in** निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। **(PR-729)**


## शिक्षा सचिव के आदेश के बाद रेस हुए अधिकारी

# स्कूलों की व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछले दिनों शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने खूंटी में राजधानी रांची के दो स्कूलों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दोनों स्कूलों में कई खामियां भी पायीं, जिसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षा सचिव ने स्कूलों में सुधार को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। सचिव के निर्देश के बाद विभागीय अधिकारी रेस हो गये हैं।

हजारीबाग जिला शिक्षा अधीक्षक ने स्कूलों के संचालन को लेकर देर शाम लंबा-चौड़ा आदेश भी जारी कर दिया। जिला शिक्षा अधीक्षक ने इसकी जानकारी सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अवर विद्यालय निरीक्षक, नगरपालिका को दी है।

## ये हैं आदेश

विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण प्रतिवेदन संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय से संबंधित सभी कार्य समय से हों, यह सुनिश्चित करेंगे। विद्यालयों में अनुशासन बेहतर हो, इस दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालयों में लेशन प्लान के अनुसार पठन-पाठन हो। पाठ्यक्रम के अनुसार ससमय पढ़ाई हो, यह सुनिश्चित करायेंगे।

# झारखंड में खुलेगी पहली वेटनरी यूनिवर्सिटी रांची में होगा विश्वविद्यालय का मुख्यालय

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार, राज्य में पहली वेटनरी विश्वविद्यालय की स्थापना करेगी। इसको लेकर झारखंड के कृषि एवं पशुपालन मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि इस वित्तीय वर्ष में ही यह योजना धरातल पर उतर जायेगी। उन्होंने कहा कि कृषि और पशुपालन विभाग ने सारी आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। इस नये वेटनरी विश्वविद्यालय का मुख्यालय रांची में ही होगा। राज्य में अभी रांची वेटनरी कॉलेज, फिशरीज कॉलेज गुमला और डेयरी संस्थान रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से अंगीभूत हैं। कृषि, पशुपालन विभाग की पहल है कि राज्य में अलग से वेटनरी विश्वविद्यालय हो, जहां से इन संस्थानों को जोड़ा जाये, ताकि पशुपालन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में राज्य में बेहतरीन शिक्षण और अनुसंधान हो सके।

# सीसीआइ का सही फैसला

देश के एंटी ट्रस्ट रेगुलेटर कॉम्पिटिशन कमिशन ऑफ इंडिया (सीसीआइ) ने मंगलवार को गूगल पर 936.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। इससे स्टार्टअप्स को राहत मिलेगी, जिनके लिए गूगल प्लेस्टोर कमिशन की वजह से कारोबार में बने रहना मुश्किल हो गया था। कुछ स्टार्टअप्स ने तो इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उभरती हुई कंपनियों को अब डिजिटल उपनिवेशवाद से बचाया जा सकेगा। असल में, दो साल पहले गूगल ने सभी प्लेस्टोर ट्रांजेक्शंस के लिए 30 प्रतिशत कमिशन लगाया था। इसका दुनियाभर में ऐप डिवेलपर्स ने विरोध किया। कुछ ऐप डिवेलपर्स भारत में सीसीआइ के पास शिकायत लेकर पहुंचे। उनका आरोप था कि इस कमिशन की वजह से डिजिटल स्टार्टअप्स के बंद होने का खतरा है। सीसीआइ ने इन आरोपों की जांच करायी। यह भी पता लगाया कि गूगल अपने बिलिंग प्रोसेस में दूसरी कंपनियों के पेमेंट ऑप्शंस तो ब्लॉक नहीं कर रही? इसमें गूगल की गलती पायी गयी। सीसीआइ ने इन-ऐप बिलिंग और पेमेंट प्रोसेसिंग में गड़बड़ी का दोषी पाए जाने पर यह जुर्माना लगाया है और कंपनी को आगे ऐसी गड़बड़ियां ना करने की हिदायत दी। इससे पहले 20 अक्टूबर को भी सीसीआइ ने गूगल पर एंड्रॉयड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के जरिए बाजार में दबदबे का बेजा फायदा उठाने को लेकर 1337.76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। तब उसने कंपनी को करीब एक दर्जन ऐसे उपाय बताये थे, जिनसे उसका एंटी कॉम्पिटिशन रुख बदला जा सकता है। सीसीआइ के पास गूगल के खिलाफ और भी कई शिकायतें पहुंची हैं, जिनकी जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि कम से कम दो और मामलों में सीसीआइ गूगल के खिलाफ आदेश दे सकता है। गूगल ने हालांकि इस ताजा जुर्माने पर अभी तक कोई सीधी प्रतिक्रिया नहीं दी है। उसका कहना है कि वह सीसीआइ के इस आदेश की समीक्षा कर रही है। जाहिर है, इसे कानूनी तौर पर चुनौती देने का उसका अधिकार कायम है और अगर वह चाहे तो इसका इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन जहां तक सीसीआइ का सवाल है, तो वह अपने कार्यक्षेत्र और दायित्वों को लेकर बिलकुल स्पष्ट है। उसकी यह जिम्मेदारी है कि वह देश में कॉम्पिटिशन विरोधी माहौल न बनने दे। आज देश में टेक्नॉलजी के क्षेत्र में तमाम कंपनियां सामने आ रही हैं। स्टार्टअप्स की संख्या के लिहाज से भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। ऐसे में अगर गूगल जैसी कंपनियां अपनी ताकत का बेजा इस्तेमाल करती हैं, तो इससे समूचे स्टार्टअप इकोसिस्टम पर बुरा असर पड़ेगा। यह देश की ग्रोथ और इनोवेशन को भी नुकसान पहुंचायेगा। डिजिटल इकॉनमी के दौर में इसे मंजूर नहीं किया जा सकता। दूसरे देश भी ऐसी हरकतों के खिलाफ सख्त कदम उठा रहे हैं। दक्षिण कोरिया, अमेरिका और यूरोपीय संघ में ऐसी कोशिशें हुई हैं या हो रही हैं। ऐसे में भारत में सीसीआइ की इस पहल का स्वागत होना चाहिए।

**स्टार्टअप्स की संख्या के लिहाज से भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। ऐसे में अगर गूगल जैसी कंपनियां अपनी ताकत का बेजा इस्तेमाल करती हैं, तो इससे समूचे स्टार्टअप इकोसिस्टम पर बुरा असर पड़ेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**छठ पूजा वास्तविक रूप में प्रकृति की पूजा है। इस अवसर पर सूर्य भगवान की पूजा होती है, जिन्हें एक मात्र ऐसा भगवान माना जाता है, जो दिखते हैं। अस्ताचलगामी भगवान सूर्य की पूजा कर यह दिखाने की कोशिश की जाती है कि जिस सूर्य ने दिनभर हमारी जिंदगी को रौशन किया, उसके निस्तेज होने पर भी हम उनका नमन करते हैं।**

# डूबते सूर्य की उपासना का अनूठा त्योहार छठ : इतिहास और प्रासंगिकता



**सुनील बादल**



पूर्वांचल से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रूप लेता छठ दो मायनों में विशेष है- एक सिर्फ इसी पर्व में धारा के विपरीत डूबते सूर्य की आराधना की जाती है और दूसरा यह ऐसा पर्व है, जब हर पूर्वांचलवासी विदेशों तक से किसी भी तरह घर पहुंचना चाहता है, चाहे कितनी भी भीड़ क्यों न हो। जो नहीं आ पाते वे आधुनिक और संभ्रांत समझे जाने वाले महानगरों में भी छठ मनाना चाहते हैं। मुंबई और दिल्ली से लेकर दक्षिण के राज्यों में यह एक राजनीतिक मुद्दे के रूप में उभरने लगा है। दिवाली जहां घरों की सफाई का त्योहार है, तो छठ सरोवरों की सफाई का।

धर्मिक इतिहास पुराणों में जायें तो जब भगवान कृष्ण के पुत्र सांब को श्राप से कुष्ठ रोग हुआ, तब उन्हें जानकारी हुई कि शाकद्वीप निवासी सूर्य उपासक ब्राह्मण मग पुजारी कुशलतापूर्वक इसका इलाज कर सकते हैं। 18 परिवारों को जंबू द्वीप (भारत) में सम्मान पूर्वक बुलवाया गया। बाद में मगध नरेश की आग्रह पर भगवान ने शाकद्वीपीय ब्राह्मणों के 72 परिवारों को मगध के विभिन्न पुरों में बसा दिया। यह भी दर्ज है कि सांब ने मथुरा में सूर्य मंदिर की स्थापना करायी।

पुराणों में सात द्वीपों जंबूद्वीप, प्लक्षद्वीप, शाल्मीद्वीप, कुशद्वीप, क्रौंचद्वीप, शाकद्वीप तथा पुष्करद्वीप की चर्चा है। शाकद्वीप इन्ही में से एक है, जिनके शासक प्रियव्रत पुत्र मेधातिथि हैं। स्वनामधन्य वाराहमिहिर, शिवराज, आचार्य कौंडिन्न्यायन, आर्यभट्ट, वाणभट्ट, चाणक्य और भास्कराचार्य तक को इनका ही वंशज बताया जाता है।

**इस पर्व में केला, सेब, गन्ना सहित कई फलों की प्रसाद के रूप में पूजा होती है, जिनसे वनस्पति की महत्ता रेखांकित होती है।**

अर्क यानी सूर्य। सूर्य के 12 अर्कस्थान चिह्नित हैं। साल में 12 महीने होते हैं और सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच 12 घंटे ही होते हैं। सूर्य 12 राशियों में निरंतर भ्रमण करते रहते हैं। देश में चिह्नित मौजूदा अर्क स्थलों में तकरीबन आधे बिहार में ही हैं। इन अर्क स्थलों की बिहार में सघनता, सूर्योपासना के महापर्व छठ की शुरुआत का साफ संकेत माना जा सकता है और उन्हें सूर्य का ही अंश बताया गया है। इन्हें ही शाकद्वीपीय ब्राह्मण कहा गया। सूर्य उपासक शाकद्वीपीय ब्राह्मणों की बसावट का सघन इलाका मगध है। बिहार में मौजूद अर्क स्थलों में चार मगध के ही इलाके में हैं। सभी अर्क स्थलों की स्थापना से सांब की कथा जुड़ती है। सूर्य की पूजा वैदिक काल से काफी पहले से होती आयी है। बिहार के देव सूर्य मंदिर का मुख्यी द्वार पश्चिम दिशा की ओर है, जबकि आम तौर पर सूर्य मंदिर का मुख्यर द्वार पूर्व दिशा की ओर होता है। मान्यता है कि यहां के विशेष सूर्य मंदिर का निर्माण देवताओं के शिल्पीम भगवान विश्वकर्मा ने किया था। स्थायपत्य और वास्तुकला कला के द्दषित कोण से यहां के सूर्य मंदिर अनूठे हैं।

**सूर्य के 12 रूप और 12 महीने:** सूर्य की किरणें वनस्पतियों में औषधीय अर्क का निर्माण करती हैं। शास्त्रों में सूर्य के 12 रूप हैं। इन्हीं रूपों से हिंदी के महीनों का संबंध है। हर मास में सूर्य का रूप अलग है। विष्णु, चैत्र मासः अधर्म के नाश के लिए अवतार लेना। अर्यमा, वैशाख मासः संपूर्ण जगत में वास व जगत रक्षक। विवस्वान, ज्येष्ठ मासः अग्नि में स्थित हो अन्न का पाचन। अंशुमान, आषाढ़ मासः चंद्रमा के जरिए शीतलता देना। पर्जन्य, सावन मासः सूर्य की किरणों में बसकर वर्षा करना। वरुण, भादो मासः जल से जगत को जीवन देना।

**इंद्र, आश्विन मासः** दानवी शक्तियों का नाश। धाता, कार्तिक मासः सृष्टि की रचना। मित्र, अगहन मासः वायु से जीवों को जीवन देना। पूषा, पौष मासः मंत्रों से पोषण व कल्याण। भग,माध मासः धरती और पर्वतों में स्थित। त्वष्टा, फाल्गुन मासः पेड़-पौधों में वास करना। जितने अर्क स्थल साल में उतने महीने, सूर्य 12 राशियों मंव निरंतर भ्रमण करते रहते हैं।

छठ पूजा वास्तविक रूप में प्रकृति की पूजा है। इस अवसर पर सूर्य भगवान की पूजा होती है, जिन्हें एक मात्र ऐसा भगवान माना जाता है, जो दिखते हैं। अस्ताचलगामी भगवान सूर्य की पूजा कर यह दिखाने की कोशिश की जाती है कि जिस सूर्य ने दिनभर हमारी जिंदगी को रौशन किया, उसके निस्तेज होने पर भी हम उनका नमन करते हैं। छठ पूजा के मौके पर नदियां, तालाब, जलाशयों के किनारे पूजा की जाती है, जो सफाई की प्रेरणा देती है। यह पर्व नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने का प्रेरणा देता है। इस पर्व में केला, सेब, गन्ना सहित कई फलों की प्रसाद के रूप में पूजा होती है, जिनसे वनस्पति की महत्ता रेखांकित होती है।

सूर्यषष्ठीर व्रत में लोग उगते हुए सूर्य की भी पूजा करते हैं। डूबते हुए सूर्य की भी उतनी ही श्रद्धा से पूजा करते हैं। इसमें कई तरह के संकेत छिपे हैं। ये पूरी दुनिया में भारत की आध्यौतिसूक श्रेष्ठता को दिखाता है। इस पूजा में जातियों के आधार पर कहीं कोई भेदभाव नहीं है। समाज में सभी को बराबरी का दर्जा दिया गया है। सूर्य देवता को बांस के बने जिस सूप और डाले में रख कर प्रसाद अर्पित किया जाता है, उसे दलित समुदाय के लोग बनाते हैं। इससे सामाजिक संदेश एकदम स्पसष्टय है। कार्तिक के अलावा छठ व्रत चैत्र शुक्ल पक्ष में चतुर्थी से लेकर सप्तामी तक किया जाता है। इसे आम बोलचाल में चैती छठ कहते हैं। अगर सूर्य को जल देने की बात करें तो इसके पीछे रंगों का विज्ञान छिपा है। मानव शरीर में रंगों का संतुलन बिगड़ने से भी कई रोगों के शिकार होने का खतरा होता है। सुबह के समय सूर्यदेव को जल चढ़ाते समय शरीर पर पड़ने वाले प्रकाश से ये रंग संतुलित हो जाते हैं। (प्रिज्म के सिद्वांत से) जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक शक्ति बढ़ जाती है। सूर्य की रौशनी से मिलने वाला विटामिन डी शरीर में पूरा होता है। त्वचा के रोग कम होते हैं। इस पूजा में कुछ लोग जमीन पर बार-बार लेटकर, कष्ट सहते हुए घाट की ओर जाते हैं। आम बोलचाल की भाषा में इसे कष्टी देना कहते हैं ज्यादातर मामलों में ऐसा तब होता है, जब किसी ने इस तरह की कोई मन्नत मानी हो।

कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को व्रत की शुरुआत 'नहाय-खाय' के साथ होती है। इस दिन व्रत करने वाले और घर के सारे लोग चावल-दाल और कद्दू से बने व्यंजन प्रसाद के तौर पर ग्रहण करते हैं। वास्तव में ये अगले 3 दिनों तक चलने वाली पूजा की शारीरिक और मानसिक तैयारी है। दूसरे दिन, कार्तिक शुक्ल पंचमी को शाम में मुख्यत पूजा होती है। इसे खरना कहा जाता है। प्रसाद के रूप में गन्ने के रस या गुड़ में बनी खीर चढ़ायी जाती है। कई घरों में चावल का पिट्ठा भी बनाया जाता है। लोग उन घरों में जाकर प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिन घरों में पूजा होती है। तीसरे दिन, कार्तिक शुक्ल षष्ठीह की शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। व्रती के साथ-साथ सारे लोग डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं। चौथे दिन, कार्तिक शुक्ल सप्तदमी को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ व्रत की समाप्ति होती है। छठ व्रत के संदर्भ में एक अन्य कथा के अनुसार जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गये, तब द्रौपदी ने छठ व्रत रखा। इस व्रत के प्रभाव से उसकी मनोकामनाएं पूरी हुईं तथा पांडवों को राजपाट वापस मिल गया। छठ पूजा चार दिवसीय उत्सव है। इसकी शुरुआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को होती है और समापन कार्तिक शुक्ल सप्तमी को। छठ व्रती लगातार 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हैं। छठ पर्व षष्ठी का अपभ्रंश है। कार्तिक मास की अमावस्या को दिवाली मनाने के 6 दिन बाद कार्तिक शुक्ल को मनाये जाने के कारण इसे छठ कहा जाता है।

**(लेखक : स्तंभकार हैं।)**

# हिमाचल चुनाव : क्या मिथक तोड़ पायेगी भाजपा



**द्वारिका मिश्र 'सुमन'**

68 सीटों वाली हिमाचल प्रदेश विधानसभा सभा चुनाव की दुंदुभी बज चुकी है और यहां 12 नवंबर को मतदान होंगे। 50 लाख मतदाताओं से आच्छादित प्रदेश के वोटर इस दिन नयी सरकार के गठन को लेकर वोटिंग करेंगे। एक मिथक है कि, इस प्रदेश में कोई भी सरकार पलट कर पुनः बहुमत नहीं जुटा पाती है। इस नजर से इस बार का चुनाव भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण होगी। केंद्र के शीर्ष नेताओं का प्रदेश में मैराथन दौरा चल रहा है। विपक्षी कांग्रेस भी पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में है। पंजाब की सफलता पर उत्साहित हिमाचल में आम आदमी पार्टी की दस्तक से भाजपा और कांग्रेस के मस्तक में चिंता की लकीरें उभरती नजर आ रही है। हालांकि आप को यहां जनाधार बनाने में समय लगेगा, फिर भी उसकी वोट शेयरिंग कुछ सीटों पर दोनों दलों के समीकरण को बना बिगाड़ सकती है ।किसान आन्दोलन का आंशिक असर इस प्रदेश के चुनाव में पड़ने की आशंका है ।इतना जरुर है कि कांग्रेस किसानों के दुर्दशा का रोना रो रही है ।लेकिन कांग्रेस के ये आंसू वोट में तब्दील हो पायेगी इसकी संभावना क्षीण है। सूबे के लगभग दस लाख किसान पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। चुनाव के ऐन 27 दिन पहले देश भर के किसानों को केन्द्र द्वारा इस सम्मान निधि का 12वीं किस्त जारी करना हिमाचल के लिए चुनावी तीर ही माना जा रहा है।

इतना कुछ होते हुए भी भाजपा के लिए यह तथ्य चिंता का सबब है कि इस राज्य में वर्ष 1985 से अब तक किसी भी दल की सरकार दुबारा आसीन नहीं होती रही है। इसके ये मायने भी लगाये जाते रहे हैं कि यहां की जनता परिवर्तनशीलता को विकास के साथ जोड़ कर देखती है ।गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि, इस बार हिमाचल की जनता रिवाज बदल कर फिर से भाजपा को चुनने का मन बना चुकी है, की वास्तविकता 8 दिसंबर को मतगणना के दिन ही जाहिर हो पायेगी।

इन सबके बावजूद राज्य में शह मात के राजनीतिक दंगल में भाजपा की रणनीति बीस नजर आ रही है। कांग्रेस ने यहां प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह के नेतृत्व पर विश्वास जताया है तो भाजपा अपने वर्तमान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को आगे रख कर चुनाव मैदान में उतरी है ।हालांकि सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चंदेल कश्यप के नाम भी उभर कर आ रहे हैं। राज्य में चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय जामा पहनाने के ध्येय से आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर भी दमखम दिखलाने में लगे हैं। साल 2017 के चुनाव परिणाम पर यदि नजर डालें तो वोट प्रतिशत में भाजपा विपक्षी कांग्रेस से थोड़ी ही आगे थी, परंतु इस राज्य में जातीय समीकरण का भी सियासत में खासा असर देखा जाता रहा है। इस प्रदेश में राजपूत एवं ब्राह्मण समुदाय के वोट निर्णायक साबित होते रहे हैं ।यहाँ कुल आबादी का सर्वाधिक 38 प्रतिशत राजपूत तो लगभग 28 प्रतिशत ब्राह्मण हैं, जिन्हे रिझाने का उपक्रम सभी दलों द्वारा किया जाता रहा है ।कुल 68 सीटों में से 48 सीटें इस राज्य में सामान्य सीटें हैं। 2017 के चुनाव में सामान्य सीटों में 30 से अधिक विधायक राजपूत श्रेणी के जीत कर आये थे ।भाजपा ने जयराम ठाकुर को आगे कर प्रदेश के क्षेत्रवार एवं जातिगत समीकरण को साधने की कोशिश की है ।जिसके अच्छे परिणाम निकलने की आशा भी जताई जा रही है। इसी बीच प्रदेश में रोहित ठाकुर की अगुवाई में देवभूमि जनहित पार्टी के आगाज पर भी भाजपा को पैनी निगाह रखनी होगी ।सूबे में समान वर्ग आयोग के गठन की मांग को लेकर राजनीति कर रहे इस दल के प्रवाह को रोकना भाजपा के लिए फलदायी ही सिद्ध होगा ।इस क्षेत्रीय दल के अध्यक्ष रोहित ठाकुर को भाजपा के टिकट की चाहत थी, जो नहीं हो पाने पर ही मौजूदा सरकार के प्रति उनकी मुखरता में ईजाफा हुआ। प्रदेश की जनता इस क्षेत्रीय दल को कितनी तरजीह देती है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

वैसे देखा जाय तो इस बार का हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव पिछली बार के चुनावों से अधिक रोचक और शीर्ष पार्टियों के लिए अधिक जटिल सिद्ध हो रही है। भाजपा जहां मिथक तोड़ते हुए बहुमत हासिल करने के लिए संघर्षशील है वहीं कांग्रेस मिथक को शिरोधार्य कर मौजूदा सरकार की विफलताएं गिना रही है। बावजूद इसके भाजपा के नेता कार्यकर्ता आत्मविश्वास। से सराबोर हैं। डबल इंजन सरकार की किंवदंती से भी इनके हौसले बुलंद हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के इस कथश से कि, मिथक टूटेगा - फिर से सरकार बनेगा भाजपा उत्साहित है। बस देखना यह है कि उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में भाजपा की पुनः वापसी होती है या मिथक अटूट रह जाता है।

## जमशेदपुर की खबरें

## छठ घाटों का रघुवर ने जायजा लिया

# प्रशासन से किया सुविधाओं को दुरुस्त करने का आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के बारीडीह बस्ती स्थित भोजपुर छठ घाट, जिला स्कूल छठ घाट सहित विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान वहां महिलाओं ने वर्तमान व्यवस्था को लेकर अपनी व्यथा श्री दास को बतायी। उन्होंने बताया कि जब उनकी सरकार थी, तब



घाटों की सफाई, मरम्मत, लाइट, शौचालय, पेयजल, सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थायें समय से पूर्व हो जाती थी, परंतु वर्तमान स्थिति काफी खराब है। श्री दास ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन से समाचार पत्रों के माध्यम से आग्रह किया है कि समय रहते युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर सभी सुविधाओं को बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाया जाये।

**मौके पर ये रहे मौजूद**

**इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री राकेश सिंह, बारीडीह मंडल के महामंत्री अभिषेक सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष कंचन दत्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष पिंटू सिंह, अखिलेश चौधरी, पंकज प्रिये, अमित श्रीवास्तव, गिरधारी सिंह, रोशन झा, विश्वजीत कुमार, विनय शर्मा, आशुतोष कुमार, मुकेश दास, मनीष पांडेय, मीरा झा, निर्मला पांडेय आदि शामिल थे।**

# मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया सड़क जाम

## बीडीओ के आश्वासन के बाद हटा जाम

**सड़क जाम के दौरान लोगों ने सर्विस रोड में नाली बनाने की भी मांग रखी।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र के काशीदा चौक के समीप बुधवार की शाम मोटरसाइकिल की चपेट में आने से कशीदा निवासी गुरुचरण नामता की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। घटना के दूसरे दिन गुरुवार को मुआवजे की मांग को लेकर मृतक के परिजन ने मुखिया तारामणि मुंडा के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से कशीदा चौक स्थित सर्विस रोड को जाम कर दिया। सड़क जाम होने की सूचना पाकर बीडीओ कुमार एस अभिनव, सीओ राजीव कुमार, थाना प्रभारी शंभु प्रसाद मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने सड़क जाम कर बैठे लोगों से बातचीत की। इस दौरान





बीडीओ ने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार सड़क दुर्घटना में मारे गये व्यक्ति के परिजन को 1 लाख रुपये दिया जायेगा। मृतक के परिजनों को पीएम आवास, इंश्योरेंस क्लेम के साथ अन्य सरकारी सुविधा दी जायेगी। सड़क जाम के दौरान लोगों ने सर्विस रोड में नाली बनाने की भी मांग रखी। बीडीओ ने कहा कि संबंधित विभाग से बात कर नाली बनवाने का प्रयास करेंगे। बीडीओ से वार्ता कर संतुष्ट होकर ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा लिया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि जिस मोटरसाइकिल से दुर्घटना हुई थी, उस युवक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और मृतक के परिजनों की लिखित शिकायत पर दोषी युवक के खिलाफ थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# उपायुक्त ने छठ घाटों में साफ-सफाई और सुरक्षा का लिया जायजा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। गुरुवार को जिले के उपायुक्त विजया जाधव ने सभी वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को छठ घाटो की साफ–सफाई एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से डेंजर जोन की बैरिकेडिंग करने के लिए निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने बताया 30 अक्टूबर को लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा में छठ व्रत धारियों के साथ हजारों हजारों श्रद्धालु छठ घाटों में शामिल होंगे। जिला प्रशासन की ओर से सभी घाटों का साफ–सफाई, श्रद्धालुओं का सुरक्षा,गाड़ी पार्किंग,गोताखोर,चेंजिंग रूम, पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त के आलाये अन्य सभी सुविधाओं का व्यवस्था किया गया। ताकि शहरवासी हर्षोल्लास के के साथ छठ पूजा मनाएं। उन्होंने बताया छठ पूजा के पूर्व जिला प्रशासन की पूरी टीम लगातार घाटों का दौरा कर रही है। मौके पर उपायुक्त ने सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की टीम को सवेंदनशील होकर कार्य करने का निदेश दी। उन्होंने बताया जिला प्रशासन के पदाधिकारी ने सभी घाटो का निरीक्षण कर साफ सफाई एवम सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उपायुक्त ने कपाली घाट एवं बच्चा सिंह घाट का निरीक्षण किया। मौके पर दोनों घाटो की साफ सफाई और सुरक्षा के दृष्टिकोण से बैरिकेटिंग करने व नदी घाटों में फिसलन न हो इसके लिए घाटों पर बालू भरने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कुछ घाटों पर इस बार पानी का स्तर ज्यादा है। सुरक्षा के द्दष्टिकोण से सवेंदनशील घाटों को बैरिकेटिंग करने या बैलून से मार्किंग करने का निर्देश दिया गया है। घाटों पर लाइफ जैकेट एवं ट्यूब के साथ गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा आस्था के महापर्व छठ पूजा हर्षोल्लास से मनाये, लेकिन आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर एडीम लॉ एंड आर्डर नंदकिशोर लाल, विशेष पदाधिकारी संजय कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, सिटी मैनेजर रवि भारती शामिल रहे।

## आस्था का महापर्व : दानरो नदी में होने वाले छठ महापर्व की तैयारी अंतिम चरण में

# आज नहाय खाय के साथ 36 घंटे के निर्जला व्रत की होगी शुरुआत



**जिला मुख्यालय में छठ महापर्व को लेकर सप्ताहिक बाजार में लोगों की चहल-पहल दिन भर बनी रही**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर दीपावली से ही साफ-सफाई युद्ध स्तर पर दानरो नदी में चल रही थी जो अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। जिले में छठ महापर्व को ऐतिहासिक बनाये रखने के लिए क्लब के द्वारा कड़ी मेहनत से साफ-सफाई के साथ रंग विरंगी लाइट, छठ व्रतियों के नहाने के लिए झरना पानी आदि अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करायी जाती है। लोक आस्था का छठ महापर्व की शुरुआत शुक्रवार को नहाय खाय के साथ 36 घंटे के निर्जला उपवास के साथ होगी। जिला मुख्यालय के दानरों नदी में स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, जय देवी संघ, टी ग्रुप, जागृति क्लब एवं सहिजना स्थित छठ सेवा समिति द्वारा नदी के साफ-सफाई के साथ छठ महापर्व की तैयारी की जा रही है।

वहीं जिला मुख्यालय में छठ महापर्व को लेकर सप्ताहिक बाजार में गुरुवार को लोगों की चहल-पहल दिन भर बनी रही। लोग बांस के बने सूप दाउरा की खरीदारी जोरों पर किये साथ ही नहाय खाय के लिए कद्दू की भी खरीदारी की। ऐसा माना जाता है कि नहाय खाय के दिन कद्दू भात का सेवन करने के बाद उपवास रखकर दूसरे दिन नदी में स्नान करने के बाद व्रती खरना मनाती हैं। जिस मौके पर छठ व्रती अपने घर में गुड़ और दूध में बना कर छठ महापर्व की शुरुआत करती हैं।

## एसडीओ व नप अधिकारियों ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** छठ पूजा के शुभ अवसर पर आज नगर परिषद के स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, टी ग्रुप, जय देवी संघ छठ घाटों पर गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी, उपाध्यक्ष मीरा पांडेय अंचलाधिकारी मयंक भूषण तथा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने निरीक्षण किया। सभी छठ घाटों की साफ-सफाई से सभी लोग संतुष्ट हुए।

इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी छठ घाटों पर पुलिस की व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रहेगी। नदी में ज्यादा पानी नहीं होने के कारण किसी प्रकार का खतरा की कोई आशंका नहीं है, फिर भी तैराकों की व्यवस्था रहेगी।

नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी ने कहा कि आज करीब एक महीना से नगर परिषद का जेसीबी और पोकलेन नगर परिषद क्षेत्र में पड़ने वाले सभी घाटों की सफाई सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है और साथ-साथ सभी छठ घाट के सदस्यों के द्वारा भी साफ सफाई की जा रही है। गढ़वा का छठ बहुत सुंदर होता है इसे और सुंदर बनाने के लिए सभी लोगों की मेहनत से इस बार हर साल की भांति और भी सुंदर ढंग से छठ मनायी जाएगी।

इस मौके पर मुख्य रूप से नगर परिषद के प्रबंधक ओमकार यादव, नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केसरी फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष फंटूश गुप्ता, प्रमोद केसरी, दीपक सरदार, स्टूडेंट क्लब के संरक्षक विनोद जायसवाल, जय देवी संघ के अध्यक्ष दीपक सोनी, महामंत्री राजकुमार मेहता, टी ग्रुप के अध्यक्ष ब्रजेश उपाध्याय तथा तथा सभी क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

## महंगाई पर आस्था भारी, छठ व्रत को लेकर हो रही है खूब खरीददारी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पर महंगाई की मार साफ नजर आ रही है। छठ पूजा में लगने वाली मूलभूत सामग्री सूप दौरा, फल एवं मिट्टी के बर्तन के दाम 20 से 50 प्रतिशत तक बढ़े हुए हैं, फिर भी छठ व्रत को लेकर हो रही खरीददारी से बाजार में रौनक बनी हुई है। कई पीढ़ियों से सूप और दौरा बनाने के कार्य कर रहे लोगों ने बताया कि बांस की कीमत में बढ़ोतरी का सीधा असर सूप एवं दौरा पर पड़ रहा है। वहीं मिट्टी के बर्तन गढ़ने वाले कुम्भकार ने बताया कि बमुश्किल दीये वगैरह बनाने की मिट्टी मिल रही है। वहीं मिट्टी से बनी दीया, कलश, ढक्कन, कढ़ाही वगैरह पकाने के लिए प्रयुक्त होने वाले जलावन के भी दाम बढ़ने से मिट्टी के बर्तनों के दामों में इजाफा हुआ है। बाजार पर नजर दौड़ाएं तो इस बार छठ पूजा के लिए सुपली 100 से 200 रुपये तक, बड़ा दौरा 400 रु. और छोटा दौरा 150 से 200 रु. तक में मिलेगा। पिछले सालों की तुलना में देखें तो सुपली 80 से 100 रु., छोटा दौरा 200 और बड़ा दौरा 300 से 350 रुपए तक में मिल रहा था। फिलहाल महंगाई के बावजूद बाजार में सुप दौरा की बिक्री जोरों पर है। छठ व्रत को लेकर लोगों के उत्साह के कारण महंगाई पर आस्था भारी पड़ती दिख रही है।

## भाई की लंबी उम्र के लिए बहनों ने की गोवर्धन पूजा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में गुरुवार को बहनों ने भाई की लंबी उम्र के लिए गोवर्धन पूजा की। ऐसा माना जाता है कि गोवर्धन पूजा या अन्नकूट पूजा दिवाली के अगले दिन मनायी जाती है, साथ ही कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को गोवर्धन उत्सव मनाया जाता है। इस दिन लोग घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत का चित्र बनाकर गोवर्धन भगवान की पूजा करती हैं, भगवान कृष्ण ने वृंदावन धाम के लोगों को तूफानी बारिश से बचाने के लिए पर्वत अपने हाथ पर ऊठा लिया था। उस उपलब्धि में गोवर्धन पूजा मनायी जाती है, किंतु इस बार सूर्य ग्रहण की वजह से तिथियां आगे बढ़ गईं। ऐसे में गोवर्धन पूजा गुरुवार को मनायी गयी। इस दौरान जिला मुख्यालय सहित हर गांव में बहनों ने गोवर्धन पूजा कर अपने भाइयों के जीवन की सलामती दुआ मांगी।

# गढ़वा में दस जविप्र दुकानदारों की अनुज्ञप्ति रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर विधि सम्मत सुनवाई करते हुए की कार्रवाई**

**गढ़वा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित कार्डधारियों को प्रत्येक माह समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने एवं लाभुकों से दुर्व्यवहार करने के लिए जनता दरबार तथा विभिन्न अन्य माध्यमों से उपायुक्त गढ़वा को प्राप्त शिकायत के आधार पर निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए जिला आपूर्ति कार्यालय के स्तर झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2022 तथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम 1995 के सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत सुनवाई करते हुए 10 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों- 01. ललिता स्वयं सहायता समूह ग्राम- सरस्वतीया, प्रखंड- बरडीहा, 02. विष्णु महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम- डंडई, प्रखंड- डंडई, 03. कर्मा महिला समूह, ग्राम- पचौर, प्रखंड- डंडई, 04. झारखंड महिला मुक्ति मोर्चा, ग्राम- पुतुर, प्रखंड- सगमा, 05. मनोरमा देवी, ग्राम- सिलिदाग, प्रखंड- रमना, 06. हरेंद्र कुमार गुप्ता, ग्राम- दुर्जन, प्रखंड- रमकंडा, 07. काली महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम- बौलिया, प्रखंड- डंडई, 08. श्री रामजी राम, ग्राम- तेलियाबांध, प्रखंड- कांडी, 09. बैजनाथ राम, ग्राम- नौका, प्रखंड- भंडरिया एवं 10. मोती स्वयं सहायता समूह ग्राम- बायाखुरा, प्रखंड- भंडरिया के उचित मूल्य की अनुज्ञप्ति को रद्द कर दिया गया है तथा जिले के अन्य जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित कर दिया गया है कि प्रत्येक माह में मदवार संबंधित लाभुकों को विभागीय निर्देश के आलोक में अनुमान्य खाद्यान्न का वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। वितरण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में दिनांक 26 अक्टूबर 2022 को अवैध रूप से सरकारी खाद्यान्न भंडारण करने के लिए विवेक कुमार केसरी, पिता- बृज किशोर प्रसाद केसरी, पता- कलवार मोहल्ला गढ़वा के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1995, झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2019/2022 एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा आईपीसी धाराओं के तहत स्थानीय थाना गढ़वा में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

# भूस्वामियों ने अलग-अलग गांव में बैठक कर बनायी रणनीति

**सुलगने लगा है नेशनल हाईवे जमीन अधिग्रहण का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** एनएच 75 का चौड़ीकरण के लिए अधिगृहित की जा रही भूमि की मुआवजे की राशि को लेकर मामला सुलगने लगा है। गुरुवार को मेराल तथा लातदाग बाजार भूस्वामियों ने बैठक कर सर्किल रेट पर किसी भी कीमत में जमीन नहीं देने की बात कही तथा वाजिब हक की लड़ाई के लिए रणनीति बनाई गई।

मेराल के नेनुआ मोड़ के समीप उदय कुशवाहा के मकान में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मुखिया रामसागर महतो द्वारा की गई, जिसमें करीब दो दर्जन भूस्वामी शामिल हुए। इसी तरह लातदाग गांव में हुई बैठक की अध्यक्षता ललनी यादव ने की। यहां बैठक में लोगों ने सर्वसम्मति से रैयती तथा गैरमजरूआ जमीन की मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया। दोनों ही जगह बैठक संघर्ष समिति का गठन किया गया जो हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ेगी। मेराल की बैठक में मुखिया रामसागर महतो के अलावे राजेंद्र महतो, सांसद प्रतिनिधि रूपु महतो, बचू साह, कलाम अंसारी, मोइनुद्दीन अंसारी, लक्ष्मी महतो, डॉ लालमोहन, उदय मेहता सहित करीब दो दर्जन भूस्वामी मौजूद थे जबकि लातदाग के बैठक में प्रमोद कुमार गुप्ता, कृष्ण मेहता, प्रभु चंद्रवंशी, सच्चिदानंद कुशवाहा, धर्मराज दुबे, राम नरेश पासवान, राजाराम उरांव, वीरेंद्र उरांव, रघुनाथ उरांव, रमेश प्रसाद गुप्ता, दिनेश प्रसाद यादव, राजेंद्र चंद्रवंशी, श्याम बिहारी सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग थे। बैठक में पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत ने लोगों के वाजिब हक की लड़ाई में कदम से कदम मिलाकर चलने का भरोसा दिया।

## कार्यक्रम : गढ़वा जिला वेट लिफ्टिंग संघ ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

# राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**खिलाड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी : दौलत सोनी**

**गढ़वा में सभी खेल फले-फुले और हर खेल में खिलाड़ी मेडल जीतकर गढ़वा का नाम रोशन करें : शैलेंद्र पाठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड ओपन स्टेट यूथ बॉयज एंड गर्ल्स, जूनियर- मेन विमेन, सीनियर मेन विमेन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 22 का आयोजन 20 अक्टूबर 2022 को खेलगांव रांची झारखंड में हुआ था। जिसमें गढ़वा को एक गोल्ड एक सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ था। जिसमें अनुराधा कुमारी ने 73 केजी भार वर्ग में जूनियर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था और अनूप प्रियदर्शी ने 49 केजी भार वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। जिनको आज इंडोर स्टेडियम रामा साहू में एक सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि संध्या सोनी, पति दौलत सोनी युवा समाजसेवी के द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी दौलत सोनी ने कहा कि खिलाड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। एक-एक करके हर व्यवस्था खिलाड़ियों को उपलब्ध करायी जाएगी तथा इनके सहयोग के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं। क्योंकि यह हमारे जिले के सम्मान को बढ़ाने का कार्य करते हैं।

गढ़वा जिला वेट लिफ्टिंग संघ के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने कहा कि ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के नाते हम चाहते हैं गढ़वा में सभी खेल फले-फुले और हर खेल में खिलाड़ी मेडल जीतकर गढ़वा का नाम रोशन करें। गढ़वा जिला वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष रामआशीष तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने अपने संबोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि अध्यक्ष होने के नाते भारोत्तोलन के खिलाड़ियों को बढ़ावा देना मेरी प्राथमिकता में शामिल है। गढ़वा जिला वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव चंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर बालक-बालिका खिलाड़ियों के साथ डे बोर्डिंग एथलेटिक्स के कोच अरविंद दुबे, रामाशंकर सिंह, डे बोर्डिंग वॉलीबॉल कोच प्रभात रंजन तिवारी, व्यवसायी राजेश केसरी, वेटलिफ्टिंग संघ के सहसचिव पुनीत जसवाल, निलेश ठाकुर, अमित कुमार, टीम के प्रशिक्षक कुलदीप कुमार, अमित कुमार यादव, आयुष सिंह और खिलाड़ियों के परिजन मौके पर मौजूद थे।

## लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान किशोरी की मौत

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** ुरकी थाना क्षेत्र के परसपानी कला गांव में बुधवार की शाम लक्ष्मी पूजा मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान परासपानी कला गांव निवासी संतोष सिंह के 13 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जुलूस बुधवार के लगभग दोपहर 11:12 बजे मूर्ति विसर्जन की तैयारी करने के लिए खाला गांव के कृष्णा राम के पिकअप गाड़ी में डीजे साउंड के द्वारा मूर्ति विसर्जन की तैयारी की गई थी। पिकअप पर लदे डीजे साउंड के धुन से बच्चे नाचते गाते हुए आगे बढ़ रहे थे, तभी ढलान में पिकअप गाड़ी का ब्रेक फेल होने से मूर्ति के पीछे डांस कर रहे कुछ बच्चे जो गाड़ी ढलान के पास अनियंत्रित हो गई और डांस कर रही बच्ची को कुचलते हुए पिकअप आगे चली गई। जहां प्रियंका कुमारी को गंभीर चोट लग गई। सदर अस्पताल गढ़वा में इलाज के दौरान मौत हो गई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भंडरिया थाना इंस्पेक्टर ने छठ घाटों में श्रमदान कर चलाया सफाई अभियान



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना इंस्पेक्टर संजय कुमार और अन्य जवानों ने प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ घाटों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान इंस्पेक्टर संजय कुमार खाखा ने कहा कि छठ महापर्व आस्था का पर्व है। घाटों की साफ सफाई करना सबकी जिम्मेवारी है। छठ घाट में छठ व्रतियों की भीड़ उमड़ पड़ती है। इस कारण यहां पूरी तरह से साफ-सफाई की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था की जाएगी। इंस्पेक्टर संजय कुमार खाखा स्वयं कुदाल लेकर अपने जवानों के साथ छठ घाट की सफाई कर रहे थे। सफाई में जैप, सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस बल के जवान के साथ-साथ भंडारिया पंचायत मुखिया बिनय सिंह, सुनील यादव, भोला गुप्ता, भण्डरिया जय भवानी संघ सहित ग्रामीण भी सफाई अभियान में शामिल थे।

### जिला भाजयुमो ने सहीजना हनुमान नगर घाट पर चलाया सफाई अभियान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो गढ़वा द्वारा छठ पूजा को लेकर मंडल अध्यक्ष रंजीत चौरसिया की अध्यक्षता में सहीजना के हनुमान नगर घाट पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने संबोधित करते हुए कहा कि छठ महापर्व आस्था का पर्व है। छठ घाट की साफ सफाई अभियान 28 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। 26 अक्टूबर से हर दिन छठ घाट पर साफ सफाई अभियान का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसमें समाज के हर वर्ग का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान छठ घाट की साफ सफाई जिला के सभी मंडल स्तर पर चलाया जा रहा है। छठ पूजा के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ता घाट पर व्रत धारियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, जिला मीडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, कार्यालय मंत्री राजकुमार साव, नगर मंडल उपाध्यक्ष उमेश मेहता, धनंजय विश्वकर्मा, श्रेष्ठ राज, नसीम अंसारी, बिसम्भर प्रजापति सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### राजा तालाब धुरकी स्थित छठ घाट पर थाना प्रभारी और कमेटी के सदस्यों ने चलाया सफाई अभियान



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार समिति के निकट राजा तालाब में छठ घाट की साफ-सफाई थाना प्रभारी सदानंद कुमार और पूजा कमेटी के सदस्यों ने गुरुवार को जेसीबी मशीन से करायी। इस दौरान रामस्वरूप कमलापुरी, अरुण कुमार, श्यामकिशोर सहित अन्य ने बताया कि राजा तालाब स्थित छठ घाट धुरकी का सबसे पुराना छठ घाट है। इस स्थल पर पूर्वजों के जमाने से ही श्रद्धालुओं के द्वारा काफी संख्या में छठ पूजा की जाती है। यहां पर ऐसी मान्यता है कि इस स्थल पर छठ महापर्व की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। वहीं छठ घाट की साफ-सफाई करा रहे थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि धुरकी में लोक आस्था का छठ महापर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दौरान रंजीत कुमार, विवेक सिंह, विक्की कुमार, घनश्याम कुमार, रोहित कुमार, राजन कुमार सहित काफी संख्या में लोग छठ घाट की साफ-सफाई में शामिल थे।

### विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में छठ महापर्व को लेकर तैयारी जोरों पर



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में भी आस्था का छठ महापर्व को लेकर तयारी जोरों पर है। जगह-जगह पर नदी व तलाबों की साफ-सफाई तथा व्रतियों को छठ घाट तक पहुंचने वाले रास्ते की साफ-सफाई विभिन्न क्लबों व संगठनों के द्वारा की जा रही है। वहीं गुरुवार को थाना के सामने बांकी नदी स्थित छठ घाट की सफाई विशुनपुरा थाना प्रभारी बुद्ध राम सामद के नेतृत्व में अपने हाथों में कुदाल लेकर श्रमदान से की गई। इस कार्य में विशुनपुरा मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, समाजसेवी मनोज प्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता सहित पुलिस बल भी अपना हाथ बंटाते नजर आये। वहीं विशुनपुरा के प्रशिद्ध विष्णु मंदिर स्थित पोखरा चौक छठ घाट की साफ-सफाई जीवन ज्योति क्लब के अध्यक्ष ललन प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में की गई। यहां जीवन ज्योति क्लब के द्वारा लगातार दस वर्षों से यह कार्य किया जा रहा है। जहां टेंट पंडाल भगवान भास्कर की मूर्ति भी रखी जाती है। इस कार्य में जीवन ज्योति क्लब के सचिदानन्द गुप्ता, छूनु ठाकुर, छोटू चन्द्रवंशी, महेंद्र चन्द्रवंशी, परमानन्द ठाकुर, कन्हाई शर्मा, पृथ्वी शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं अमहर खास पंचायत के मुखिया ललित नारायण सिंह के द्वारा बांकी नदी स्थित अमहर छठ घाट की साफ-सफाई व छठ व्रतियों के छठ घाट तक आने जाने के रास्ते को अपने निजी खर्च जेसीबी मशीन से करायी। प्रखंड के चितरी, करकचिया, सारो, ओढ़ेया कामेश्वरी माता मंदिर कमता, सरांग, जतपुरा, जोगिरल, मझिगवां अमहर, महुली, कोचेया, संध्या, पिपरिकला, पिपरी खुर्द व विशुनपुरा इत्यादि गांवों में विभिन्न क्लबों, समाजिक संगठनों एवं उत्साही युवकों की ओर से नदी, पोखर व तालाबों की साफ-सफाई एवं लाईटिंग, टेंट तथा साउंड सहित अन्य सुविधाएं बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

### एसपी ने थाना पहुंच कर एससी-एसटी के लंबित मामले का किया सुपरविजन

**मेराल (आजाद सिपाही)।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने गुरुवार को मेराल थाना पहुंचकर एससी-एसटी केस के लंबित मामले का पर्यवेक्षण किया। इस दौरान अलग-अलग गांव के चार लंबित मामले में दोनों पक्षों से पूछताछ की गई। साथ ही अन्य गवाहों से भी मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के बाद एसपी ने मौके पर मौजूद एसडीपीओ अवध कुमार यादव तथा थाना प्रभारी नीतीश कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के हाईस्कूल मैदान में स्व गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का उद्घाटन राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने फुटबॉल में किक मारकर किया। फाइनल मैच जुंगूर बनाम चहल के बीच खेला गया जिसमें जुंगूर टीम ने चहल के टीम को एक जीरो से पराजित कर विजेता बना। मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू सच्चे कांग्रेसी थे और हमारे मित्र रहे है उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि फुटबॉल का जोया मैच इस मनिका हाईस्कूल मैदान में देखने को मिला हमको नहीं लगा कि हम मनिका मैं मैच देख रहे हैं उक्त टूर्नामेंट स्व. गौरी प्रसाद साहू के 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित की गयी थी जिसका उद्घाटन 10 अक्टूबर को प्रखंड प्रमुख एवं जिला परिषद ने संयुक्त रूप से किया था जिस का समापन राजसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा किया गया मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, पूर्व प्रमुख प्रमोद प्रसाद सिंह, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह,प्रमुख प्रतिमा देवी, सुरेंद्र पासवान, विश्वनाथ पासवान, सुरेंद्र भारती, पंकज तिवारी, आफताब आलम, पप्पू पासवान, दरोगी यादव,अमित बरुआ, मिथिलेश पासवान, रंजीत प्रसाद साहू, सुजीत कुमार, मुरारी ठाकुर, हरिशंकर यादव, सागर यादव, आनंद सिंह कई लोग उपस्थित थे।

## पांच लाख का इनामी कमांडर विराज उर्फ राकेश व अन्य चढ़े पुलिस के हत्थे

# एके-47, कट्टा व भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 15 रांउड जिंदा गोली लोड एके-47, कट्टा और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस के साथ टीएसपीसी संगठन के सब जोनल कमांडर विराज गंझू उर्फ राकेश, एरिया कमांडर नथुनी सिंह और विजय भुइयां को पकड़ने में सफलता पायी है। वहीं गुरुवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ के डकादेरी जंगल में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने और कोल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों, ईंट भट्ठा व्यवसायियों से लेवी उगाही करने के फिराक में 15-20 की संख्या में टीएसपीसी संगठन का दस्ता जंगल में डेरा जमाये हुए हैं। सूचना का लोक में दो टीमों का गठन कर कार्रवाई की गगी इसी दौरान जैसे ही पुलिस डकादेरी जंगल पहुंची, उग्रवादी पुलिस को देखकर भागने लगे, इसी क्रम में पुलिस की पहली टीम ने एक उग्रवादी को खदेड़कर एके-47 हथियार के साथ पकड़ लिया। पकड़े गये उग्रवादी ने अपनी पहचान सबजोनल कमांडर विराज गंझू उर्फ राकेश पिता सुखदेव गंझू उर्फ रामेश्वर गंझू (कारीमाडर कुंदा चतरा) बताया, वहीं दूसरी टीम ने देशी कट्टा और 10 जिंदा कारतूस के साथ दूसरे उग्रवादी को पकड़ा उसने अपनी पहचान संगठन के नथुनी सिंह उर्फ नथुनी उर्फ छोटू पिता निरंजन सिंह (उरांव टोला मटलौंग मनिका) बताया। दोनो के निशानदेही पर बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत रुद गांव में विजय भुइयां के घर छापामारी अभियान चलाया जहां टीएसपीसी संगठन का पर्चा और 50 के जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

उक्त उग्रवादी पर सरकार ने 5 लाख इनाम रखा है। इस छापामारी दल में डीएसपी अजीत कुमार, इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, लातेहार थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता हेरंज थाना प्रभारी मुकेश चौधरी मनिका थाना प्रभारी शुभम कुमार समेत दर्जनों पुअनि छापामारी दल में शामिल थे।

## वारंटी जगन्नाथ गंझु को जेल भेजा



**चंदवा।** चंदवा के उग्रवादी जगन्नाथ गंझु, जगन्नाथ, और सुभाष उम्र 58 वर्ष पिता रामलगन गंझु को चंदवा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चंद्रमा के भुषाड़ गांव के आधे रेलवे पुल के नीचे धर दबोचा गया जगन्नाथ गंझु पूर्व में कई उग्रवादी संगठन में कार्य कर चुके हैं उस दौरान कई घटना को अंजाम दे चुके है। चंदवा पुलिस सुभाष गंझु को 2001 से खोज में जुटी थी बताया जाता है कि सुभाष गंझु किसी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहा था इसी दौरान चंदवा पुलिस ने धर दबोचा है कांड संख्या 41/ 2001 के तहत जेल भेज दिया गया है।

## कैरो में वाहन चेकिंग अभियान चला



**कैरो।** गुरुवार को खंडा के समीप एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गयी। वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट और डिक्की आदि की भी जांच की गयी। इस दौरान हेलमेंट नहीं पहनने और वाहन से संबंधित कागजात लेकर नहीं चलने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गयी। मौके पर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने पर जोर दिया।इस दौरान थाना के दलबल मौजूद थे।

## कैरो में हुई छठ घाट की साफ सफाई



**कैरो(लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय में आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर कैरो प्रखंड जय श्री राम समिति के तत्वावधान में छठ घाट की साफ सफाई किया गया। खूंटा तालाब को जय श्री राम समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर साफ-सफाई किया जाता है। इस वर्ष भी सुबह 7 बजे से 10 बजे तक जय श्री राम समिति के पदाधिकारियों ने कड़ी मेहनत से तालाब में जम्मे घास को निकाला गया। मौके पर जय श्री राम समिति अध्यक्ष विनोद रविदास, छठ पूजा समिति अध्यक्ष कृष्णा साहू, संरक्षक, कैरो पंचायत मुखिया वीरेन्द्र महली, पुर्व दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष ललेश पांडेय, पहान सुरेंद्र उरांव दीपेश्वर पांडेय, गंगा प्रसाद, सुरज मोहन साहू, बजरंग उरांव, संजय पांडेय, धनंजय राम वर्मा, मनोज पांडेय, जितबहान महतो, सुजित प्रसाद, उमेश महतो, संजय कुमार साहू, जय श्री राम समिति के कार्यकारी अध्यक्ष तिला उरांव, महामंत्री रोहित प्रजापति, मीडिया प्रभारी अंकित कुमार, उपाध्याय रंजीत कुमार सदस्य राधेश्याम साहू, अमित कुमार, मुन्ना राम, संदीप रविदास, भोला साहू, अंकित कुमार, राहुल कुमार, बलराम यादव, गौतम साहू, संदीप महतो छठ पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा साहू, मोती साहू,मानिकचंद साहू, मनोज महतो, आकाश उरांव, संतोष प्रसाद, भुनु महतो, सुखदेव राम इत्यादि उपस्थित थे।

## लोक आस्था महापर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू



**लोहरदगा।** दीपावली व गोवर्धन पूजा के बाद लोक आस्था के पर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू हो गयी है। छठ पूजा के होने वाले चार दिवसीय आयोजन को लेकर जिले भर में उल्लास व उत्साह का माहौल है। पर्व के नजदीक आते जाने के साथ ही बाजार में भी रौनक दिखने लगी है। लोग महापर्व की खरीदारी करने बाजार में दिखने लगे हैं। व्यवसाइयों के अंदर भी छठ को लेकर उत्साह है। कोरोनाकाल के बाद का छठ उम्मीदों भरा है। हर बार की तरह इस बार भी लोहरदगा में लोग इसे धूम-धाम से मनाने को लेकर उत्साहित हैं। बाजार स्थित विभिन्न दुकानों पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी है। पूजन सामग्री की कई स्थायी और अस्थाई दुकानें भी सजी हैं। ग्राहकों की बदलती पसंद और बदलते दौर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइनर सूप के अलावा आकर्षक रैपर वाली फल से भरी टोकरियां भी बाजार में हैं। फल विक्रेता ने बताया कि सजीले पैक वाली टोकरियों की कीमत फलों की संख्या के हिसाब से अलग-अलग है। बांस के पारंपरिक सूप, दउरी के साथ ही इस बार रंगीन और डिजाइनर सूप, दउरी की भी बाजार में जबरदस्त मांग है। बांस से बनी सूपेली, डलिया और दउरी की खरीदारी मंगलवार से ही शुरू हो गयी है। फल बाजार भी गुलजार नजर आ रहे हैं।

## डिग्री महाविद्यालय के छात्रों के लिए परीक्षा में गृह केंद्र बनाया जाये : अभाविप



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका(लातेहार)।** मनिका निलांबर पितांबर विश्वविद्यालय के द्वारा लगातार छात्रों के साथ खिलवाड़ करने का प्रचलन अपने चरम सीमा पर है, दीक्षांत समारोह में पैसों के बंदरबांट करने के बाद अब विश्वविद्यालय छात्रों के साथ फिर से खिलवाड़ करने को आतुर है। एक ओर जहां विश्वविद्यालय पहले ही दीक्षांत समारोह में पैसों के बंदरबांट को लेकर शक के घेरे में हैं वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय के द्वारा सभी महाविद्यालयों में दीपावली, और छठ पूजा के अवकाश होने के चंद घंटे पहले आनन फानन में जिस तरह से सत्र 2021-2024 के छात्रों के लिए परीक्षा कि तिथि घोषित करना विश्वविद्यालय की कुटिल मानसिकता को दशार्ता है, उक्त बातें नगर मंत्री सौरभ भारती ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा। वहीं अभाविप मनिका के पूर्व नगर मंत्री उत्तम कुमार ने भी विश्वविद्यालय को आड़ें हाथ लिया है, उन्होनें विश्वविद्यालय के ऊपर डिग्री महाविद्यालय मनिका के साथ भेदभाव करने का भी आरोप लगाया है, कहा कि डिग्री महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र से वंचित रखना विश्वविद्यालय कि भेदभाव को दशार्ता है जहां एक ओर विश्वविद्यालय के लगभग 11 महाविद्यालयों को परीक्षा में गृह केंद्र दिया गया है वही डिग्री महाविद्यालय मनिका के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है उनका परीक्षा केंद्र बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार कर दिया गया है जो कि शहर से लगभग 2 किमी अंदर है, जिससे डिग्री महाविद्यालय के दूर-दूर के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को परीक्षा के दौरान कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन विश्वविद्यालय ने इन सभी बातों को ताक में रख के महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया है, उन्होनें विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द डिग्री महाविद्यालय मनिका के छात्रों के लिए डिग्री महाविद्यालय मनिका को परीक्षा के लिए उनका गृह केंद्र बनाया जाए।अभाविप मनिका ने विश्वविद्यालय को चेतावनी दिया है कि अगर जल्द से जल्द विश्वविद्यालय ने डिग्री महाविद्यालय मनिका को छात्रों के लिए परीक्षा के लिए गृह केंद्र नहीं बनाया तो हम सभी आंदोलन करेंगे।

## पिता को मारकर पुत्र ने किया घायल

**बरवाडीह।** अपने पिता को मारकर घायल करने वाले आरोपी पुत्र रिंकू सिंह उम्र 35 वर्ष को बरवाडीह पुलिस ने लातेहार जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरईडीह निवासी राजेश्वर सिंह के 35 वर्षीय पुत्र रिंकू कुमार सिंह अपने पिता से जुआ खेलने के लिए पैसे की मांग कर रहा था। पिता द्वारा पैसा नहीं देने पर पिता पुत्र मैं आपसी विवाद हो गया। जिसमे गुस्से में आकर पुत्र ने डंडे से मार कर अपने बीमार पिता को घायल कर दिया। घटना के बाद उसके दूसरे पुत्र ने अपने घायल पिता का इलाज करवाते हुए इसकी लिखित शिकायत घायल पिता राजेश्वर सिंह ने बरवाडीह पुलिस को दी।वही बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह मामले की जांच पड़ताल करते हुए आवश्यक कार्रवाई करते हुए सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी पुत्र रिंकू कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। बताया जाता है कि पुत्र द्वारा शराब के नशे में अपने पिता के साथ आये दिनों गाली गलौज किया करता था।

## छठव्रतियों के लिए गेहूं का वितरण



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा गुदरी बाजार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में छठ महापर्व के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी छठ व्रतियों के लिए लाल गेहूं का निःशुल्क वितरण किया गया। आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ. टी साहू ने कहा जय श्रीराम समिति सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है इस कार्य के लिए मै सराहना करता हूं। अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा छठ मैया के आशीर्वाद से आज जय श्रीराम समिति के बैनर तले छठ व्रतियों के बीच गेहूं वितरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और आगे भी होता रहेगा। मौके पर संरक्षक डॉ. टी साहू, अजय सोनी अनूप गुप्ता जिला अध्यक्ष राजीव रंजन कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू, अनुज कुमार, गुड्डू राय, नीरज साहू, राज महतो, विक्रम दास, संजय कुमार, बिंदिया देवी, मोनू गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

## माकपा नेता के पितृ शोक पर कई समाजसेवी ब्रह्मभोज में शामिल हुए



**चंदवा।** चंदवा के समाजसेवी माकपा नेता सह सौंडिक के समाज अध्यक्ष प्रमोद कुमार साहू के पूज्य पिता स्व राम शंकर साहू के निधन पर ब्रह्मभोज में चंदवा के तमाम समाजसेवी और स्थानीय गरीब मजदूर और कई बड़े लोगो ने ब्रह्मभोज में शिरकत किया और कहां की राम शंकर साहू का व्यक्तित्व बहुत ऊंचा था उन्हों ने अपने जीवन में संघर्ष को जीवन अपनाया वही बच्चों ने भी उनको गुरुजी कह कर सम्मान करते थे अंतिम समय तक उन्होंने बच्चों को शिक्षा देने का काम किया और समाज को उज्जवल भविष्य बनाने का प्रयास करता रहा इस अवसर पर भुनेश प्रसाद माकपा नेता केडी सिंह समाजसेवी रवि कुमार डे महेंद्र प्रसाद साहू श्रीराम शर्मा नरेश प्रसाद गुप्ता मुकेश कुमार सिंह बबलू खान शंकर बैठा सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## छठ पूजा को लेकर बजरंग दल ने की साफ सफाई



**लोहरदगा।** छठ पूजा के अवसर पर बजरंग दल के नेतृत्व में बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में साफ सफाई का अभियान चलाया गया। बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार ने यह आवाहन किया कि छठ पूजा को लेकर जिले के जितने भी मंदिर प्रांगण हैं सभी की साफ-सफाई वहां के स्थानीय लोग स्वयं से बढ़-चढ़कर करें और अपने आसपास के घर मोहल्लो को स्वच्छ बनाएं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंदरजीत लाकड़ा उर्फ संतोष ने की और उन्होंने यह भी बताया कि इस छठ पूजा में सभी लोहरदगा वासियों से आग्रह किया की छठ पूजा के दिन सभी अपने घरों के बाहर दीया अवश्य जलाएं। संघ नगर बाल प्रमुख सत्यम कुमार ने आग्रह किया कि छठ पूजा के दिन सभी सत्य सनातन हिंदू राम भक्त अपने छठ व्रतियों की सुविधा के लिए अपने घरों के बाहर रोड पर पानी का छिड़काव कर सफाई करें एवं स्वच्छ बनाएं जिससे हमारी छठ व्रती माताओं को दंडवत करने में किसी तरह की असुविधा ना हो।

## सड़क हादसे में 9 बाइक और एक कार क्षतिग्रस्त, कोई हताहत नहीं



**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के शंख मोड में बुधवार रात लगभग 9 बजे अनियंत्रित पवित्र रिश्ता यात्री बस एक कार समेत दस खड़ी बाइक को चपेट में लेकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना के बाद अफरा तफरी की स्थिति मच गयी। हादसा में 9 बाइक पूरी तरह बस की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क किनारे खड़ा नई स्विफ्ट डिजायर कार भी बस की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया। बस शहरी क्षेत्र के गैराज से रिपेयर कर कुजरा गांव जा रहा था। घटना की सूचना पर सदर थाना की पुलिस पहुंच गई और मामले की पड़ताल शुरू किया। दुर्घटना में जान की क्षति नहीं हुई पर लाखों की क्षति हुई है। मौके पर पहुंची सदर थाना की पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर बस जप्त कर थाने ले गयी। बस चालक की पहचान कुज्जि निवासी लोदो उरांव का पुत्र संतोष मिंज के रूप में की गयी है।कुछ लोग दुकानों से खरीदारी भी कर रहे थे। अचानक शहरी क्षेत्र से तेज रफ्तार उक्त बस आई और पुलिस ब्रैकेटिंग को तोड़ते हुए दुकानों के बाहर खड़े बाइक और कार को चपेट में ले लिया। घटना के बाद बस के नीचे लगभग आधा दर्जन बाइक बुरी तरह फस गए। उपस्थित लोगों और पुलिस ने मशक्कत कर बस के नीचे से चीथड़े उड़े बाईक को निकाला। फिलहाल मामले पर पुलिस तहकीकात कर रहे हैं।

## बहनों ने भाइयों की दीघार्यु के लिए किया भैया दूज

**लोहरदगा।** बहन-भाइयों का पवित्र त्योहार भैया दूज जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में परंपरागत तरीके से आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। भैया दूज के मौके पर स्थानीय मिशन चौक, बरवाटोली, चंद्रशेखर आजाद चौक, हटिया गार्डन, तिवारी दुरा, राणा चौक, शास्त्री चौक, वीर शिवाजी चौक, न्यू रोड, दुगार्बाड़ी, गांधी चौक समेत विभिन्न गली मोहल्लों में महिलाओं और युवतियों भाइयों की यमराज से भय मुक्ति और दीघार्यु के लिए पूजा अर्चना किया। चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर पूजा स्थल का निर्माण गोबर और मिट्टी से किया गया। पूजा स्थलों में बहनों ने यमराज की पूजा अर्चना कर भाइयों की लंबी आयु और मुसीबतों से बचने की कामना की।

## चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा मे भगवान चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनायी गयी, लोहरदगा के किस्को मोड़ स्तिथ देव स्थल सूर्य मंदिर मे जजमान राजेश सहाय के द्वारा पूजा पुजारी वंशीधर मिश्रा के द्वारा किया गया। विकेश कुमार सिन्हा महासचिव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने जानकारी देते हुए बताया की लोहरदगा मे वर्ष 1939 ई में अखौरी तारणी चरण सिन्हा तत्कालीन लोहरदगा नगरपालिका के वाइस चेयरमैन हुआ करते थे ऐसे तो वे पेशे से अधिवक्ता भी थे उन्हीं के प्रयास से लोहरदगा मे प्रथम दवात कलम की पूजा और चित्रगुप्त महाराज की मूर्ति स्थापित किया गया था जो वर्तमान में वरीय अधिवक्ता राकेश अखौरी उनके परपौत्र है, इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक गणेश लाल ने जानकारी दिया की कायस्थ महासभा समाज के साथ देश कल्याण हित की सोच रखता है और बुद्धिविवेक के बदौलत ही आगे बढ़ता और लोगों को बढ़ने की प्रेरणा देता है, उन्होंने बताया की पूरा पावरगंज मे मांगलाचारण सिन्हा जिनके सुपुत्र देवी चरण सिन्हा पूर्व क्षेत्रीय पुलिस अधीक्षक से सेवानिवृत हुए, वहीं अमरेश्वर सहाय झारखण्ड के लोकायुक्त, देवी प्रसाद उच्च न्यायलय रांची के वरीय अधिवक्ता, पांडेय वीरेन नाथ रॉय (पहाड़ कांडरा, नागजुवा) के जमींदार अंग्रेजी हुकूमत में थे, नवल किशोर सिन्हा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के प्राचार्य, प्रदीप लाल आदि का जन्म स्थल लोहरदगा ही रहा है।

## पूजा सामग्री का वितरण

**महुआडांड़।** आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर स्थानीय दुर्गा बाडी परिसर मे महुआडांड़ हिन्दू महासभा की ओर गुरूवार को छठ व्रतीयों के लिए लागत राशि पर व गरीब तबके के लोगो के लिए फ्री में छठ पूजा की सामग्रियों का वितरण किया गया। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने सभी छठव्रती से आग्रह किया है कि वे स्थानीय दुर्गा बाडी परिसर से सुधा दुध, धोती-साडी, कपड़ा, सुप, दौरा, गेंहू, चावल, फल, पूजन सामग्री, प्रसाद का सारा सामान प्राप्त करें।

## चंदवा में चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मना

**चंदवा।** चंदवा शहर में कायस्थ समाज के लोगों ने चित्रगुप्त पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया और प्रसाद वितरण किया वही श्रीवास्तव परिवार के लोगों ने प्रतिमा स्थापित कर गुरुवार को चित्रगुप्त पूजा धुमधाम से मनाया। सुरेश श्रीवास्तव, दीपू कुमार सिन्हा, मीना श्रीवास्तव, कविता सिन्हा, सौरभ श्रीवास्तव, शीशीर श्रीवास्तव, दिपीका कुमारी सिन्हा ने धुमधाम से श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा की। पंचम पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजा संपन्न कराया, इस अवसर पर कलम, दवात, कॉपी व पुस्तक की पूजा की गई, और कई कामनाएं की। पूजा के बाद श्रद्धालुओं और उपस्थित लोगों के बीच महाप्रसाद बांटा गया। मौके पर पूर्व सरपंच भुनेश्वर प्रसाद रवि कुमार डे सतेंद्र प्रसाद यादव शंकर बैठा रमेश श्रीवास्तव प्रसाद, मुरारी सिंह, लाल रघुनाथ शाहदेव, पिंटु दुबे, सेवानिवृत शिक्षक रामदेनी सिंह, पंकज दुबे, दामोदर उपाध्याय, हरदेव प्रसाद, गणेश दारा, सचिता श्रीवास्तव, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, अखतर अंसारी, आलम अंसारी, मो. सनाउल्लाह, सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

## कार्रवाई : झारखंड विकास महिला समिति जन वितरण प्रणाली का मामला

# डीलर के विरुद्ध कार्डधारी ने डीसी से की शिकायत



आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेटहट के भुषाढ़ में संचालित झारखंड विकास महिला समिति जन वितरण प्रणाली दुकान की संचालक सीमा देवी के अड़ियल रवैया से कार्डधारियों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों और कार्डधारियों ने नवा टोली बगीचा में बैठक कर डीलर के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया है। जानकारी के अनुसार झारखंड विकास महिला समिति भुषाढ़ का गठन वर्षों पहले किया गया है जिसका अध्यक्ष सीमा देवी, सचिव कलावती देवी और उपाध्यक्ष शांति देवी को बनाया गया है। बता दें कि भूषाढ़ सियार पारा के बीच में स्थित नवा टोली बगीचा में बैठक कर डीलर को हटवाने की मांग पर ग्रामीणों एवं कार्डधारियों ने सहमति बनाते हुए उपायुक्त लोहरदगा के नाम पर लिखित आवेदन तैयार करते हुए कार्रवाई कराये जाने की मांग किये जाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि झारखंड विकास महिला समिति जन वितरण प्रणाली दुकान में कुल 223 कार्डधारी हैं। वहीं 223 कार्डधारियों में कुल सदस्यों की संख्या 755 है जिन्हें प्रति माह नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। इधर झारखंड विकास महिला समिति भूषाढ़ जन वितरण प्रणाली दुकानदार सीमा देवी के विरूद्ध कार्डधारियों ने गोलबंद होकर एक स्वर में कहा कि डीलर सीमा देवी शुरू से ही हम गरीब असहाय परिवार वालों का निवाला को हजम करने में माहिर रही हैं।

### पंचायत समिति सदस्य ने कहा

इधर ग्राम पंचायत बेटहट की पंचायत समिति सदस्य राजमनी उरांव ने मामले पर कहा कि बीते दिनों कार्डधारियों और ग्रामीणों के शिकायत पर उक्त खाद्यान्न दुकान का मैं स्वयं और किस्को प्रखंड प्रमुख एवं बेटहट के मुखिया के द्वारा निरीक्षण कर बारीकी से जांच पड़ताल किया गया था जिसमें डीलर के द्वारा कार्डधारियों के बीच उचित मात्रा में खाद्यान्न वितरण नहीं किया जा रहा था

### डीलर सीमा देवी ने कहा

मामले को लेकर झारखंड विकास महिला समिति जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सीमा देवी का कहना है कि मेरे द्वारा नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण किया जाता है एवं सभी कार्डधारियों को उन्हें उनका अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाने का विशेष कार्य किया जाता है परंतु दुकान को सुचारू रूप से चलाने में मदद करने के बदले कुछ लोग राजनीति कर रहे।

## बरवाडीह में धूमधाम से मनाया गया भैयादूज



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को भैया दूज व अन्नकूट का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भैया दूज पर्व के अवसर पर प्रखंड के आदर्श नगर, बाजार, रेलवे कॉलोनी, पुरानी बस्ती, गढ़वाटांड़ समेत अन्य जगह में सुबह से ही बहनों द्वारा गोबर की एक दुश्मन की आकृति बनाकर सामूहिक रूप से पूजा अर्चना करते हुए उस मिट्टी की आकृति को लाठी डंडा से कूट-कूट कर अपनी भाई की दुश्मनों को कूटते उसे दूर किया। वही इस अवसर पर अपने भाइयों की दुश्मनों को दूर भगाने के लिए सामूहिक गीत भी गाया। इसके उपरांत कांटे को अपनी जीभ में चूभाते हुए उनकी सारी बलाऊ को अपने ऊपर लेते हुए. भगवान से अपनी-अपनी भाइयों को स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना किया। इसके उपरांत बहनों ने अपने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर पूजा अर्चना कर अपने भाई की लंबी और स्वस्थ जीवन की कामना किया। भैयादूज पर्व के अवसर पर बहनों ने अपने भाई को मिठाई भी खिलाया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



## असम राइफल्स जवान के घर लाखों की चोरी

**उंटारी रोड /पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत लुंबा सतबहिनी पंचायत के नवगढ़ गांव में बुधवार की रात असम राइफल्स के जवान कुलदीप साव के घर से 25 हजार नकदी व जेवरात समेत करीब तीन लाख रुपये की संपति चोरों के हाथ लगे। भुक्तभोगी परिवार के आवेदन पर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। एएसआई राजकुमार शर्मा को गृहस्वामी ने बताया कि चोर छत की रास्ते से घर मे प्रवेश कर एक बक्से में रखे 25 हजार नकद रुपये और करीब दो किलोग्राम चांदी की दुर्गा जी की मूर्ति , सोने के जेवरात एवं कई कीमती सामान लेकर पिछले दरवाजे को खोलकर आराम से चलते बने। जबकि घर में ही असम राइफल्स के जवान कुलदीप साव की पत्नी और बच्चे सो रहे थे। उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह घर में बिखरे सामान और पिछला दरवाजा खुला देखा तो उनके होश उड़ गए।वहीं घर से कुछ ही दूरी पर बक्सा फेंका हुआ मिला।

## रेहला छठ पूजा में वाराणसी की तर्ज पर होगा गंगा आरती का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप अंतर्गत रेहला कोयल नदी छठघाट पर सर्वाधिक विशद छठ पूजा आयोजन स्थल रेहला कोयल नदी तट पर छठ पूजा में गंगा महाआरती, भक्तिगायन और प्रयागराज से आई झांकी मंडली आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र है। इस कार्यक्रम में सूबे के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे।समिति के अध्यक्ष मंगल गुप्ता,सचिव पप्पू सिंह,उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता व ज्वाला गुप्ता ने बताया कि इस बार के आयोजन भव्य और यादगार होगा। काशी के तर्ज पर गंगा महाआरती में दो हजार ब्रती के दीप पूजा में बनारस से आए सिद्ध पुजारी भव्य आरती से समां बाधेंगे। इस कारण अद्भुत नजारा कोयल नदी तट स्थित छठघाट पर प्रथम अर्ध्य की संध्याबेला में दिखेगा।वहीं रात्रि में भक्ति गायकी में राष्ट्रीय फलक पर उभरती मुस्लिम भजन गायिका इशरत जहां भक्ति गायकी की जलवा बिखेरेगी। जबकि प्रयागराज की प्रसिद्ध झांकी मंडली भक्ति भाव से ओतप्रोत कार्यक्रम से रातभर समां बांधेगी।इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि रामचंद्र चंद्रवंशी विवि. के कुलाधिपति डां ईश्वर सागर चंद्रवंशी,ग्रासिम औद्योगिक संस्थान के एबीपी सह एचाआर हेड अजीत तिवारी उपस्थित रहेंगे।वहीं कांग्रेस के प्रदेश नेता अमृत शुक्ल, जेएमएम के प्रदेश नेता अभिमन्यु सिंह बबलू,राजद के वरीय नेता नरेश सिंह और वरिष्ठ समाजसेवी संजय पांडेय इन कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि होंगे ।

## कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रमजान खान का निधन

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही) ।** कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष रमजान खान का निधन गुरुवार को हो गया। रमजान खान पिछले कई दिनों से बीमार थे, मेदनीनगर के निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने 20 वर्षों तक कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष का पद संभाला और हाल ही में बीस सूत्री के उपाध्यक्ष चुने गए थे। वे एक मिलनसार व्यक्ति थे। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, अजय उराव विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा समेत कई लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना किया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण 1 नवंबर से 14 नवंबर तक चलेगा

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही) ।** झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम जो की सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याण योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके जिसके लिए लोगों को प्रखंड का चक्कर नहीं लगाने पड़े इस उद्देश्य से सरकार ने हरेक पंचायत में यह कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्या लेते हैं और जो समस्या ऑन स्पॉट निष्पादन करने लायक होता है उसे निष्पादन किया जाता है और वैसे समस्या जिसमें कुछ समय लगता है वैसे समस्या को निबंधन कर लिया जाता और लाभुक को एसएमएस के माध्यम से सुचना दिया जाएगा और यह कार्यक्रम पहले चरण 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक था जो सम्पन्न हुआ और दुसरा चरण एक नवंबर से 14 नवंबर तक चलेगा जो नौडीहा बाजार प्रखंड में 1 नवंबर को खैरादोहर पंचायत में एवं 3 को सरईडीह ,5 को शाहपुर ,7 को करकटा ,9 को डगरा एवं 11 नवंबर को ललगड़ा पंचायत में यह कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें सभी विभागों का स्टॉल लगाया जाएगा जिन्हें जो संबंधित समस्या है वे अपनी समस्या संबंधित स्टॉलो पर आवेदन दें ।

## युवा समाजसेवी ने उपायुक्त से की जाति आवासीय प्रमाण-पत्र बनाने की मांग



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** युवा समाजसेवी राजीव ने जाति आवासीय प्रमाण–पत्र बनाने को लेकर बुधवार को उपायुक्त के नाम हरिहरगंज सीओ वासुदेव राय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि जिले राजस्व उप निरीक्षकों के हड़ताल पर जाने के कारण इन दिनों हरिहरगंज अंचल कार्यालय में जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्रों के करीब दो हजार से अधिक आवेदनों पर भविष्य संवारने के बजाय कार्यालय में आवेदनों पर धूल जम रहे हैं। इसे लेकर युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने चिंता जताते हुए कहा कि समय पर जाति,आवासीय एवं आय प्रमाण– पत्र निर्गत नही किए जाने से स्कूल कॉलेज के छात्र एवं रोजगार पाने वाले युवाओं के साथ अभिभावकों के चेहरों पर चिंता की लकीरें छाई हुयी है। किंतु विभागीय स्तर पर इन अति आवश्यक प्रमाण पत्रों के निर्गत करने में कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से स्कूली छात्र–छात्राओं एवं रोजगार की आस लगाए युवाओं के जेहन मे सुनहरे भविष्य चिंता सता रही है। उन्होंने पलामू उपायुक्त से जल्द प्रमाण– पत्र बनवाने की मांग की है।इस मौके पर मनोज मेहता, गोपाल प्रसाद, टंटू मिश्रा, दिनेश पासवान, शंभू यादव, शिवशंकर गुप्ता, दिनेश मेहता, पवन कुमार, विनोद पासवान, अजीत कुमार, बबलू राम, गोलू सिंह सहित कई लोग शामिल थे। इस संबंध में सीओ बासुदेव राय ने कहा कि चैनपुर के सीआई ललित बैठा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। परंतु सीआई ललित बैठा 1 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक आकर प्रभार नहीं लिया है। जिसके कारण समस्या और जटिल हो गया है।

# एमआरएमसीएच का स्वास्थ्य अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राज्य के स्वास्थ्य अपर मुख्य सचिव डॉ अरूण कुमार, संयुक्त सचिव डॉ विद्यानंद पंकज शर्मा और निदेशक डॉ एसके सिंह ने गुरुवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान कई गड़बड़ियां उजागर हुई। सभी में सुधार करने का निर्देश दिया गया। अस्पताल प्रबंधक का वेतन काटा गया। मेडाल में फर्जी रजिस्ट्रेशन का खुलासा हुआ। किचन की अव्यवस्था देख अपर सचिव खासे नाराज दिखे। अपर मुख्य सचिव एवं अन्य अधिकारी दोपहर करीब 3 बजे एमआरएमसीएच पहुंचे। आते ही जांच के दौरान अस्पताल प्रबंधक सुनीत श्रीवास्तव का अक्तूबर माह का 15 दिन का वेतन काट दिया। उन्होंने 25 अक्तूबर को अस्पताल संबंधित रिपोर्ट की मांग की थी, परंतु अस्पताल प्रबंधक ने समय से रिपोर्ट नहीं भेजी थी। प्रबंधक ने कहा कि नेट स्लो रहने के कारण रिपोर्ट नहीं जा पाई। अपर सचिव ने पाया कि नये बने जीएनएम स्कूल का छात्रावास बंद था, उसे खोलकर देखा तो वह पूरी तरह से कबाड़खान में तब्दील हो चुका है। उन्होंने सिविल सर्जन को वहां पर बेकार पड़े टूटेफुटे बेड और अन्य वस्तुओं को ऑक्सन कराने का निर्देश दिया और जर्जर हो चुके एएनएम स्कूल को फिलहाल जीएनएम छात्रावास में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभारी सिविल सर्जन और आरसीएचओ को कहा कि थोड़ा भी सेंश नहीं है। जब एएनएम स्कूल का भवन जर्जर हो चुका है और जीएनएम स्कूल के नये छात्रावास को



कबाड़ाखान बना दिये हैं, इसी में एएनएम स्कूल को शिफ्ट कर देना चाहिए था। उन्होंने अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के अलावे बच्चा वार्ड, अर्थोपेडिस्क वार्ड समेत बच्चों के लिए बनाये गए एसएनसीयू का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक को ऑक्सीजन बेडों तक पहुंचाने के लिए मैनीफोल्ड सिस्टम लगाने को कहा। एएनएम स्कूल के भवन को देखकर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यह भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इस कारण इसकी मरम्मत के लिए प्राकल्लन तैयार कर भेजें, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने अस्पताल के किचेन को भी देखा और जानने की कोशिश किया कि मरीजों को भोजन में क्या दिया जा रहा है। उन्होंने किचेन में मौजूद कर्मी से पूछा कि आज सब्जी में क्या बना है। उसने जवाब दिया कि आलू और गोभी की सब्जी बनायी गई थी, उसपर अपर मुख्य सचिव वे कौवी का छिलका दिखाने को कहा, परंतु नहीं दिखा पाया। मेडाल के कलेक्शन सेंटर का भी निरीक्षण किया। कंप्यूटर ऑपरेटर से कहा कि कितना रजिस्ट्रेशन हुआ है, जैसे ही कंप्यूटर ऑपरेटर ने मरीजों के डिटेल दिखाया तो अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जो मोबाइल नंबर अंकित है, उसपर फोन लगायें, जब फोन लगाया तो तीन में दो का मोबाइल लगा ही नहीं, जबकि एक व्यक्ति का लगा तो वह कहा कि कोई जांच नहीं कराया है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि फर्जी रजिस्ट्रेशन करना बंद करो। मेडिकल कॉलेज में साफ-सफाई नहीं देखकर अपर मुख्य सचिव भड़क उठे. उन्होंने प्राचार्य को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी समेत जो भी समस्याएं हैं, उसे तीन-चार माह के अंदर दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास जो भी संसाधन है, उसे उपलब्ध कराया जाता है, परंतु उसका उपयोग करना संबंधित पदाधिकारियों की जवाबदेही है। मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर प्रसाद, एसपी चंदन कुमार सिन्हा, डीडीसी मेघा भारद्वाज, नगर आयुक्त समीरा एस समेत प्रभारी सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार सिंह, आरसीएचओ डॉ अनिल कुमार, हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एसके सिंह नगर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल आरडी नागेश, डीएम डा.दिलीप कुमार, हॉस्पिटल इंचार्ज सुमित कुमार, गढ़वा के सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह, डीपीएम दीपक कुमार, डॉ संजय कुमार, सत्येंद्र कुमार समेत कई चिकित्सक उपस्थित थे।

## शहर के बड़ा तालाब में सुंदरीकरण के नाम पर भर दिया मिट्टी, इसका अस्तित्व है खतरे में : पूनम

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** गुरूवार को मेयर की भावी प्रत्याशी पूनम सिंह, पूर्व नगर पर्षद अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह एवं समाजसेवी जीवन सिंह खुलकर सामने आए। आज संयुक्त रूप से मीडिया से सभी रूबरू हुए। मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मीडिया में आना उन्हें पसंद नहीं है, क्योंकि अगर हम आरोप लगायेंगे तो सामने वाला भी कुछ न कुछ बोलेगा। इससे कटूता बढ़ती है। इसी वजह से पिछले चार सालों में उन्होंने निगम पर कोई भी टिका टिप्पणी नहीं की है, लेकिन हाल के दिनों में शहरवासी निगम की सरकार से काफी



परेशान हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अभी निगम ने चारों ओर लूट मचा रखी है। उन्होंने वर्तमान निगम की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि शहर के बड़ा तालाब को सुंदरीकरण के नाम पर भर कर रख दिया गया है। उन्होंने कहा कि 16.4 एकड़ वाले तालाब को गणपत सेठ ने दान में दिया था, लेकिन आज तालाब का अस्तित्व खतरे में है। तीन एकड़ में ही तालाब का अस्तित्व बचा है। उन्होंने कहा कि यह तालाब लाइफ लाइन है, लेकिन ना ही सांसद, ना ही विधायक, ना ही मेयर और ना डिप्टी मेयर ने इस ओर कोई ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि तालाब को मिट्टी से भर दिया गया है, जहां निगम की सरकार यह कहती है कि तालाब को पाथवे बनाकर खूबसूरत किया गया है। पाथवे बनाने में भी तालाब को भरा गया है। उन्होंने भाजपा समर्थित मेयर अरूणा शंकर एवं डिप्टी मेयर मंगल सिंह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दोनों जनप्रतिनिधियों ने बड़ा तालाब के बीच से निकलने वाली एक सड़क, जिसे दीनदयाल मार्ग कहा जाता था, उसे बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बंद होने इसे इसका सीधा प्रभाव शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के रहने से जेलहाता, आबादगंज के लोगों को काफी सुविधा होती थी। उन्होंने कहा कि सन 1954 से नगरपालिका में उनका परिवार प्रतिनिधित्व करता आया है।

## चुनाव आते ही मेयर को खासमहाल लीज नवीकरण की आयी याद : दीपक तिवारी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता दीपक तिवारी ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही मेयर को खासमहाल लीज नवीकरण की याद आयी हैं। आज वह खासमहाल बंदोंबस्त/लीज नवीकरण का मुद्दा उठा कर जनता का ध्यान अपनी ओर खींचने में लगी हैं। लेकिन उस वक्त मेयर को जनता की याद क्यों नहीं आयी, जब उन्होंने अपने पावर का उपयोग कर अपना और अपने परिवार का खासमहाल लीज का नवीकरण कराया था?। उन्होंने कहा कि आज मेयर जिला परामर्शदात्री समिति के द्वारा खासमहाल लीज के बंदोबस्त राशि की दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजने पर घड़ियाली आंसू बहा रही है। उनका मेयर से सवाल है कि जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक में बतौर सदस्य मेयर भी मौजूद थीं तो उन्होंने बैठक में खासमहाल बंदोंबस्त/लीज नवीकरण राशि की दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव विरोध क्यों नहीं किया?। मेयर को हमेशा खुली चुनौती देने वाले दीपक तिवारी ने कहा कि लीज



नवीकरण दर का विरोध करना मेयर का दिखावा है। भाजपा सरकार में लीज नवीकरण दर कम नही कर सकी मेयर अब हेमंत सरकार के सामने रोना रो रही हैं। अगर मेयर को सही में लीजधारकों की कठिनाई का ख्याल होता तो अपना लीज नवीकरण तब तक नही कराती जब तक सभी लीजधारकों का लीज नवीकरण नही हो जाता। अपने मलाई खा कर दूसरों के लिये मलाई का दर अधिक होने का रोना रोना मेयर का दिखावा नही तो क्या है। साढ़े चार साल तक जनता के पैसों का दुरुपयोग करने वाली मेयर को आज जनता की कठिनाई नजर आ रही है। भूमि रहते मेदिनीनगर वासी को भूमिहीन बताने वाली मेयर से निगम के विपक्षी बोल दीपक तिवारी ने पूछा कि लीज नवीकरण आपने अपना और अपनों का कराया और जनता के लीज तो दूर गरीबों को मिलने वाले आवास निर्माण को भी जमकर लूटा। झामुमो नेता दीपक तिवारी ने बताया कि हम तो लोकतंत्र को और लोकतंत्र के स्तंभों को सर्वोपरि मानते हैं। तभी तो राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर बाइस साल से जनता के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदम से परिचित हैं। सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के बावजूद मृतसय्या पर लेटी विपक्षी जिम्मेदारी को अपने कंधों पर उठा कर निगम की निरंकुश शासन को जगाने का काम किया। अब भले ही चार साल से अपना बिजनेस चलाने वाले आज चुनावी दावेदारी करने सामने आएं, मगर आज भी जनता की समस्याओं को घूम-घूमकर शुभकामना देने से दूर नहीं होगा बल्कि लड़ाई लड़कर हक दिलवाना होगा। जिसका ख्याल किसी विपक्षी को नहीं है।

## हुसैनाबाद के युवा समाजसेवी अंशु अग्रवाल का आकस्मिक निधन, शोक की लहर



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** गोवर्धन पूजा और छठ व्रत को लेकर पूरा शहर में माहौल खुशनुमा था। इसी बीच बुधवार की शाम करीब 6:30 बजे अचानक शहर के युवा समाजसेवी व दवा व्यवसायी आशीष अग्रवाल उर्फ अंशु अग्रवाल 40 की हृदयगति रुकने से मौत हो गई, उनकी आकस्मिक निधन की खबर सुनकर पूरा शहर स्तब्ध रह गया। देखते देखते मुख्य बाजार स्थित उनके आवास पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, घरों में परिजनों की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया।परिजनों ने बताया की दोपहर में खाना खाने के बाद सोने चले गए, देर शाम तक नहीं उठने पर जब उठाने गए तो शरीर मे किसी तरह की हरकत नहीं होने पर स्थानीय चिकित्सक को बुलाया गया।चिकित्सक ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया।उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को देवरी स्थित हरिश्चंद्र शमसान घाट पर किया गया।उनके निधन पर विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विद्यायक संजय कुमार सिंह यादव, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी,उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता, पूर्व नपं अध्यक्ष उषा देवी, रामेश्वर राम, झामुमो नेता ऐजाज हुसैन, उर्फ छेदी खान,डॉ एजाज आलम,बबलू सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह,अशोक कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह,प्रेमतोष सिंह,तकी हुसैन रिजवी,अविनाश कश्यप, अमित कश्यप,छोटू सिंह, अनुज कुमार सिंह,कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी,हसनैन जैदी, जदयू नेता आदित्य चंदेल, समाजसेवी मुन्ना कुमार देव, प्रकाश अग्रवाल,इम्तेयाज आलम, मनोज शर्मा,वार्ड पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम, राजेन्द्र पाल, उमरावती देवी समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।



**दवा व्यवसायियों ने किया शोक संवेदना व्यक्त :** स्थानीय शहर के अंबेडकर चौक स्थित शहरी स्वास्थ्य परिसर में दवा व्यवसायियों ने शोक सभा की। शोक सभा मे युवा दवा व्यवसायी अंशु अग्रवाल की असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।दवा व्यवसायियों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका असामयिक निधन दवा व्यवसायियों के लिए अपूर्णीय क्षति है।शोक सभा मे मुख्य रूप से अजय कुमार, हेशाम अहमद, बिनय सीह,सुरेन्द्र पाल, राजेन्द्र पाल,रामेश्वर राम,मुबारक अंसारी,राजेश सिंह,मुन्ना पाल, डब्लू कुमार, शंकर मेहता ,उदय पाल,अशोक पाल आदि मौजूद थे।

## दंगवार मुखिया ने लिया छठ घाट के सफाई कार्य का जायजा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नियम निष्ठा का महापर्व छठ पूजा को लेकर ग्राम पंचायत रेस हो गया है। गुरुवार को हुसैनाबाद के दंगवार पंचायत स्थित सूर्य मंदिर सोननदी छठ घाट का स्थानीय मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने सफाई कार्य का जायजा लिया। मौके पर मुखिया ने कहा है कि छठ घाटों का सफाई कार्य युद्धस्तर पर जारी है।उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए छठ घाट पर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था,घाट तक पहुचने वाले पथ को दुरुस्त करने आदि की व्यवस्था करने के लिए ग्राम पंचायत तत्पर है।उन्होंने कहा कि शीघ्र ही छठ घाटों को छठ व्रत धारियों के लिए सुसज्जित कर दिया जाएगा।ताकि व्रतियों को पर्व के दौरान किसी प्रकार का असुविधा का सामना ना करना पड़े।मौके पर हीरालाल चौधरी,प्रिंस सिंह,संतोष राम,सुधीर ठाकुर,बिकास सिंह,दिवाकर चौधरी,पवन चौधरी,मुन्नी लाल,संजय ठाकुर,लालबहादुर सिंह आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी ने निजी मद से करायी सड़क की मरम्मत




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के दिशानिर्देश पर मध्य जिला परिषद के पूर्व प्रत्याशी सह समाजसेवी मिथलेश कुमार सिंह ने जपला–दंगवार मुख्य पथ के इमलिया बांध के समीप पुल पर जर्जर हुए सड़क का निजी मद से मरम्मती कराया ।विदित हो कि उक्त पुल पर बने सड़क में गड्ढे के कारण आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण कई बार बाइक सवार व बड़े वाहन सवार को भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ा है। आस्था के महान पर्व छठ व्रत देखते हुए समाजसेवी ने उक्त जर्जर सड़क का मरम्मती कराया। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को सामाजिक कार्य मे अपना योगदान देना सराहनीय प्रयास होता है।उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पथरा गांव के समीप पुल पर बने सड़क जो जर्जर अवस्था मे है उसका भी मरम्मती कराया जाएगा। मौके पर एनसीपी के संगठन प्रभारी रतन लाल, विजय राजवंशी,पवन कुमार सिंह, मौजूद थे।

## सतबरवा में लक्ष्मण घाट पर मलय नदी की सफाई की गयी



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही) ।** छठ पूजा को लेकर सतबरवा के लक्ष्मण घाट में स्थानीय युवकों के द्वारा मलय नदी की सफाई की गई। पिछले कई वर्षों से सतबरवा के लक्ष्मण घाट और राम घाट में छठ पर्व मनाया जाता है। रामघाट में छठ घाट की सफाई अतुल कश्यप के द्वारा कराया जाता है तो वहीं लक्ष्मण घाट में नवयुवक संघ के द्वारा साफ सफाई एवं लाइट टेंट की व्यवस्था कराई जाती है। सतबरवा में नगरपालिका नहीं होने के कारण पूरे सतबरवा का कूड़ा कचरा मलय नदी में फेंका जाता है जिससे सतबरवा की लाइफ लाइन कहे जाने वाली मलय नदी का अस्तित्व खतरे में दिखाई पड़ रहा है। समिति के लोगों ने बताया कि छठ पूजा से पूर्व छठ घाट की कोई सुध लेने नहीं आता है चाहे जनप्रतिनिधि हो या नेता गन, जबकि छठ पूजा के दिन सभी प्रतिनिधि एवं नेतागण छठ घाट पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर राजनीति रोटी सेकने का काम करते हैं। मौके पर चंदन कुमार, राहुल दीवाना, प्रेम बैठा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



टी-20 विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश पर दर्ज की बड़ी जीत, 104 रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : भारत ने नीदरलैंड को 56 रन से हराया, दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**सिडनी।** भारत ने गुरुवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में नीदरलैंड को 56 रन से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली (नाबाद 62), सूर्यकुमार यादव (नाबाद 51) और कप्तान रोहित शर्मा (53) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत अपने 20 ओवरों में 2 विकेट पर 179 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी। 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की शुरूआत खराब रही और पहले 10 ओवरों में ही 47 रनों के स्कोर पर विक्रमजीत सिंह (01), मैक्स ओडाउड (16) और बेस डी लीडे (16) पवेलियन लौट गए। इसके बाद नीदरलैंड के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते



रहे और टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी। नीदरलैंड की तरफ से टिम प्रींगल ने सर्वाधिक 20 रन बनाए। शारीज अहमद 16 और पॉल वेल मिकरेन 14 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने 2-2 व मोहम्मद शमी ने 1 विकेट लिया। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की शुरूआत खराब रही और केवल 11 रन के कुल स्कोर पर केएल राहुल 9 रन बनाकर पॉल वेन मिकरेन की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। हालांकि गेंद लेग स्टम्प से बाहर जी रही थी, यदि राहुल ने डीआरएस लिया होता तो बच जाते। राहुल के आउट होने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भारत की पारी को संभाला। रोहित 39 गेंदों पर 53 रन बनाकर फ्रेड क्लासेन का शिकार बने। रोहित ने 4 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और 20 ओवरों में भारत का स्कोर 2 विकेट पर 179 रन पहुंचा दिया। कोहली 44 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 62 और सूर्यकुमार यादव 25 गेंदों पर 7 चौके और एक छक्के की बदौलत 51 रन बनाकर नाबाद रहे।

## जिम्बाब्वे से हारा पाकिस्तान : आखिरी 4 बॉल पर जीत के लिए 4 रन भी नहीं बना सकी टीम

**सिडनी।** पाकिस्तान की टीम टी-20 वर्ल्ड कप में बड़े उलटफेर का शिकार हो गई। गुरुवार को पर्थ में खेले गए मुकाबले में उसे जिम्बाब्वे ने 1 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 130 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 8 विकेट पर 129 रन ही बना सकी। इस हार के साथ पाकिस्तान सेमीफाइनल की होड़ से लगभग बाहर हो गया है। पाकिस्तान वर्ल्ड कप 2022 के पहले मैच में भारत से 4 विकेट से हारा था। टी-20 विश्व कप 2022 में यह पांचवां उलटफेर है। इससे



पहले वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका की टीम उलटफेर का शिकार हो चुकी हैं। 20वें ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए 11 रन की जरूरत थी। 6 विकेट गिर चुके थे और मोहम्मद नवाज-मोहम्मद वसीम क्रीज पर थे। गेंदबाजी करने ब्रैड इवांस आए। देखिए आखिरी 6 गेंद पर पाकिस्तान के साथ क्या खेल हो गया। नवाज ने एक्स्ट्रा कवर पर ड्राइव लगाया और तीन रन हासिल किए। अब पाकिस्तान को 5 गेंद पर 8 रन की जरूरत थी। मोहम्मद वसीम ने इस गेंद पर चौका जमा दिया। पाकिस्तान को अब 4 गेंदों पर 4 रन की जरूरत थी। मोहम्मद वसीम ने 1 रन लिया। अब पाकिस्तान को 3 गेंद पर 3 रन की जरूरत थी। नवाज ने शॉट ऑफ लेंथ गेंद को कट करना चाहा लेकिन सफल नहीं हुए। डॉट बॉल। अब पाकिस्तान को 2 गेंद पर 3 रन की जरूरत थी। नवाज क्रेग इर्विन को मिड ऑफ पर कैच थमा बैठे। अब आखिरी गेंद पर तीन रन की जरूरत। टाई के लिए दो रन चाहिए थे। शाहीन शाह अफरीदी ने 1 रन लिया। दूसरे रन की कोशिश में वे रन आउट हो गए। विकेटकीपर ने फंबल भी किया लेकिन समय रहते उन्होंने गिल्लियां बिखेर दी।

## महाप्रबंधक ढोरी ने महापर्व छठ को लेकर विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** आस्था विश्वास का महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर महाप्रबंधक ढोरी मनोज कुमार अग्रवाल ने अमलो छठ घाट एवं दमोदर नदी छठ घाटों का निरीक्षण किया। छठ घाटों के समिति ने महाप्रबंधक से छठ घाठों में लाइट लगाने का अनुरोध किया। इस पर महाप्रबंधक ने तत्काल संबधित अधिकारियों को निर्देशित किये। अग्रवाल ने कहा कि छठ आस्था का महापर्व है। इसको ध्यान में रखते हुए ढोरी क्षेत्र के सभी घाटों को आस्था का महापर्व छठ के पूर्व सुसज्जित कर लिया जायेगा। हमारे कोयला मजदूरों विस्थापितों के सभी धार्मिक समाजिक कार्यों में सीसीएल के मुखिया पीएम प्रसाद साहब का स्पष्ट निर्देश रहता हैं उत्पादन के साथ समाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करना भी प्राथमिकता में हैं। मौके पर एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना अधिकारी बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, एसओ ईएण्डएम जयशंकर प्रसाद, फाइनेंस ऑफिसर राजीव कुमार, सुरेश सिंह, रणबीर रंजन, यूनियन नेता कैलाश ठाकुर, कुंजबिहारी, ओमशंकर सिंह, सुरज महतो आदि उपस्थित थे।

## काली पूजा का महाभोग ग्रहण करने पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**धनबाद/भगतडीह (आजाद सिपाही)।** काली पूजा के अवसर पर ऐना इंडस्ट्री काली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को इंडस्ट्री काली मंदिर कमेटी की ओर से सामूहिक महाभोग का आयोजन किया गया। जिसमें ऐना, बस्ताकोला, परसाटांड, झरिया, धनबाद के लगभग तीन हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में झरिया थाना प्रभारी पंकज झा, विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह आदि भी पहुंचे थे।

### ड्यूटी जाने के बाद नहीं लौटा घर, मोबाइल फोन भी गायब, पुलिस ने शुरू की जांच

# छठ घाट से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत सुंदरनगर छठ घाट के समीप गुरुवार की सुबह शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उधर, खबर पाकर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान मिंटू अग्रवाल (38) के रूप में हुई है। वहीं, सूचना पाकर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और मिंटू की मौत को हत्या करार दिया। बताया कि मिंटू चिरकुंडा स्थित अंजनी फेरों में गार्ड के रूप में काम करता था। बुधवार की रात घर नहीं आया तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। जिस कंपनी में वो काम करता था, जब उससे पूछा गया तो बताया गया कि वह ड्यूटी के बाद चाभी देकर चला गया था। उसके पास जो मोबाइल फोन था, वह भी गायब है, सिर्फ हेडफोन और कुछ पैसे बरामद किये गए हैं। मृतक का जीभ बाहर निकल आया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि उसकी हत्या कर यहां फेंक दिया गया है। उधर, खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बाबत चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी तक लिखित शिकायत नहीं मिली है पोस्टमोर्टम रिपोर्ट और शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।



शव का पंचनामा करती पुलिस व मौके पर मौजूद स्थानीय लोग।

## महिला हत्याकांड के दोनों आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास थाना क्षेत्र के हाजी नगर मोहल्ले में हुई महिला की हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपितों शमीम अंसारी और मोहम्मद जाकिर अंसारी को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। बतातें चलें कि बुधवार को हाजी नगर मोहल्ले निवासी नजमा खातून के साथ आरोपित शमीम और जाकिर की बहस हुई थी। इसके बाद अति क्रोध में शमीम और जाकिर ने नजमा को चाकू मारकर हत्या कर दी। यही नहीं, महिला को बचाने आए उसके दो बेटों इम्तियाज और मुमताज को भी चाकू से मारकर घायल कर दिया था। इसके बाद सभी को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला नजमा को मृत घोषित कर दिया था। जबकि गंभीर रूप से घायल दोनों पुत्रों को रांची रिम्स रेफर कर दिया था। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 12 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृतका के साथ मोहल्ले में एक दुकानदार के साथ तीन रुपए बकाए को लेकर बहस हो रही थी। विवाद काफी बढ़ गया। इसी बीच दोनों आरोपी पहुंचे. वे महिला से उलझ गए। इसमें आरोपियों ने महिला पर चाकू से कई वार कर दिये। इससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। पहले भी जेल जा चुका है।

## दामोदर नदी में डूबने से बहन की हुई मौत, बाल-बाल बचे दो भाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सुदामडीह थाना अंतर्गत मोहलबनी मुक्ति धाम दामोदर नदी में स्नान करने के दौरान महिला और उसके दो भाई नदी के तेज धार में बहने लगे। इसमें महिला की मौत डूबने से हो गई जबकि दोनों भाइयों को लोगों ने बचा लिया। महिला गुड़िया देवी (24) का शव करीब एक घंटे के बाद नदी के उस पार मानपुर घाट से बरामद किया गया है। मामले कि जानकारी होते ही सुदामडीह थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, शैलेश सिंह दल बल के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतका गुड़िया देवी झरिया 2 नंबर चाणक मोड़ भालगोड़ा से दामोदर नदी में अपने परिवार के लोग के साथ छठ पूजा से पूर्व स्नान करने टेम्पो से मोहालबनी दामोदर नदी पहुंचे थे। मृतका भी अपने दोनों भाइयो के साथ दामोदर में स्नान करने को उतारी थी। लेकिन किनारे में पानी कम होने के कारण वो तीनो नदी के बीच धार में जा पहुंचे और बीच धार में स्नान करने लगे। तभी नदी के तेज धार तीनों को बहाने लगा। जब स्थानीय लोगों की नजर उन तीनों पर पड़ी तो कुछ युवकों ने तत्काल नदी में छलांग लगा दिया। युवकों ने धनराज और सुमित को नदी के तेज धार के आगोश में समाने से तो बचा लिया लेकिन गुड़िया को बचा नहीं सके और वह नदी की तेज धार में समा गई। बाद में लोगों ने गुड़िया को खोजबीन शुरू किया और तकरीबन एक घंटे के बाद गुड़िया को नदी के पानी से निकला गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सूर्य सरोवर में छठ पर्व मनाने की चल रही तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर-1 सूर्य सरोवर में इस बार छठ पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी का जायजा लेने अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप सिंह शेखावत, सिटी डी एस पी कुलदीप कुमार, बीएसएल के सीजीएम नगर सेवा उपेन्द्र सिंह पोपली, बीएसएल के जी एम वाटर सफ्लाई ए के सिंह ने सूर्य सरोवर सह तिरंगा पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे। इस बार बोकारो के छठ व्रतियां सूर्य सरोवर में अर्घ्य दे सकेंगी। जिसकी देख रेख मारुति नंदन सेवा ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा। तालाब की सफाई व्यवस्था कर दी जायेगी। चारों मुख्य सड़क में द्वार लगाई जाएगी। सभी मुख्य द्वार को लाइट के साथ सजाया जायेगा। सरोवर के आस पास के सड़कों को सजाया जायेगा। इस वर्ष करीब पांच हजार लोगों की व्यवस्था की जायेगी। ट्रस्ट द्वारा नारियल व दूध का वितरण किया जाएगा। पूरी व्यवस्था के लिये 20 विभाग की समिति गठित की गई। पूरी व्यवस्था को देखने के लिए करीब 200 सेवा कार्यकर्ता द्वारा की जायेगी। तालाब में गोताखोर भी मौजूद थे। ट्रैफिक व्यवस्था जिला पुलिस प्रशासन की देख रेख मैं होगी। सफाई कार्यो मे मुक्ति उपाध्याय, मुन्ना तिवारी, अरविंद कुमार, बजरंग सिंह, अंकित कुमार, हिमांशु,विकास कुमार, सौरव सिंह, आसिष कुमार, राध्य पासवान,राहुल कुमार, संदीप शर्मा, अम्बर, उमा शंकर, शिव शंकर, सुरेश ,नितिन कश्यप,ललन प्रसाद, आदि मौजूद थे।

### हर्ल प्रबंधन के खिलाफ 14 नवंबर को भारतीय उर्वरक श्रमिक संघ का महाधरना



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में गुरुवार को भारतीय उर्वरक श्रमिक संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता धनबाद जिला अध्यक्ष बलदेव महतो ने की। बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि हर्ल प्रबंधन का रवैया स्थानीय मजदूर विरोधी है, जिसका संघ घोर निंदा करता है। बीते एक व 16 फरवरी और 4 अगस्त को मजदूरों की समस्याओ से संबंधित 7 सूत्री मांग पत्र हर्ल प्रबंधन को दिया गया था। बावजूद प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किया गया। प्रबंधन की इस हठधर्मिता के कारण मजदूर हित के लिए आगामी 14 नवंबर को एक दिवसीय महाधरना दिया जायेगा।संघ ने मांग पत्र में स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियों को योग्यता के आधार पर नियोजन देने, कारखाने के निर्माणकाल से जुड़े कार्यरत जिन मजदूरों को निकाला गया है, उन्हें वापस काम पर रखने, कारखाने के निर्माण में काम करने वाले मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने, मजदूरों का बकाया फाइनल पीएफ एवं ग्रेच्युटी का भुगतान करने, सीइआर फंड से सिंदरी शहर, बलियापुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करने आदि की मांग की है। मौके पर संघ के सिंदरी इकाई प्रभारी समीर बाउरी, अध्यक्ष शिवलाल रजवार, महामंत्री जयदेव महतो, संगठन मंत्री वृंदावन कर्मकार, ईश्वर मुर्मू, दीपक गोप, रामेश्वर मरांडी, जुगाई रजवार, गाजु महतो आदि थे।

### सिनीडीह चित्रगुप्त पूजा में पहुंचे विधायक ढुल्लू महतो, मथुरा महतो व राज सिन्हा



**फुलारीटांड (आजाद सिपाही)।** सिनीडीह में श्री चित्रगुप्त महापरिवार, बाघमारा अंचल द्वारा आयोजित चित्रगुप्त पूजा में कायस्थ समाज का ऐतिहासिक भीड़ हुई। महापरिवार के अलावे समाजसेवियों, जन प्रतिनिधियों, महिला, बच्चे भारी संख्या में जुटे। मौके पर सर्व प्रथम बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पहुंचे, जहां महापरिवार की ओर से धीरेन लाला, समीर कुमार लाला ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान महतो ने समाज के लोगों का हौसला अफजाई किये। महापरिवार के अध्यक्ष उदय शंकर शंकर प्रसाद, सचिव प्रकाश सिन्हा व चित्रांशों ने आने वाले सभी अतिथियों का स्वागत किया। आगंतुक अतिथि प्रसाद ग्रहण कराने के उपरांत सामूहिक भोजन में शामिल हुए। पूजोत्सव में झारखंड सरकार के सचेतक (सत्तारूढ़) सह टुंडी विधायक मथुरा महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय झा, समाजसेवी सह कतरास के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ उमा शंकर सिंह, डॉ मधुबाला, चंदन सिंह, चुन्ना यादव, झामुमो जिला सचिव पवन महतो, बसंत महतो, वार्ड संख्या 2 पार्षद मासूम खान, कांग्रेस नेता जावेद रजा, अशोक प्रकाश लाल, प्रमोद लाला, संजय बक्शी, शिकाविद केएन सिंह, विनय पासवान, गौतम मंडल, रामबचन पासवान, मो. नईम, प्रदीप रजक, उप प्राचार्य दुर्गेशनंदन सिन्हा, ललन किशोर प्रसाद (अधिवक्ता), समीर कुमार लाला (मुखिया), बासुकीनाथ लाला, पत्रकार-उमेश श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा, अजय राणा, रंजन लाला, अजय लाला, नीरज लाला, प्रिंस लाला, संजू लाला, पंकज सिन्हा, सुजित सिन्हा, विनय सिन्हा, राजेंद्र मुकेश सिन्हा, विवेक सिन्हा, सत्येंद्र अंबष्टा, हिमांशु जगुआर विनय वर्मा के अलावे पूजा में प्रेस क्लब कतरास के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, महासचिव विनोद रजक सहित वरीय पत्रकार जितेंद्र पासवान, जीतेद्र जीतू, दीपक गुप्ता, सोहन विश्वकर्मा, अजय प्रसाद, मुन्ना यादव, सूर्यदेव मांझी, सुमन सिंह एवं धनबाद जिला ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष एहसान फैज आदि मौजूद थे।

### संस्कृति और सभ्यता की रक्षा करने का दायित्व सिर्फ सरकार का नहीं : अमित

**कतरास (आजाद सिपाही)।** दुधारू गाय की रक्ष, गंगा नदी की सफाई सरकार कर रही है लेकिन हम क्या कर रहे है। हमारा दायित्व क्या है। हम यादव समाज के लोग गाय और दूध का व्यापार कर रहे है लेकिन देशी गाय की रक्षा और उसके दुध का सेवन खुद नहीं कर रहे हैं। हम अपनी संस्कृति और सभ्यता से दूर होते जा रहे है। उक्त बातें माटीगढ डेम कॉलोनी मे आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कही। उन्होंन कहा कि आजकल दुधारू गाय की तस्करी के लिए तरह-तरह के तरीके अपना रहे है। गाय की तस्करी झारखंड से नही होती है बल्की बिहार, यूपी व अन्य राज्य से हो रही है लेकिन तस्कर झारखंड राज्य के मार्ग का उपयोग कर रहे है। चेकपोस्ट पर चेकिंग भी सुचारू रूप से हो रहा है, लेकिन सभी वाहनों को रोककर जांच करना संभव नहीं है। आजकल जितनी भी बिमारी हो रही है उसकी देन विदेशी नस्ल की गाय की दुध से है देशी गाय का दुध तो अमृत के समान है। हम भले ही व्यापार करने के लिए किसी भी नस्ल की गाय रखे, लेकिन अपने उपयोग के एक या दो देशी नस्ल की गाय जरूर रखनी चाहिए। गोवर्धन पूजा से आज की नयी पीढी बहुत दूर हो गई है। रामायण, महाभारत और श्री भागवत कथा की किताब आज कल के बच्चे पढ़ते ही नहीं है।

## 15 जनवरी को 121 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह : प्रदीप

**सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक संपन्न, कमेटी का सर्वसम्मति से हुआ पुनर्गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** गुरुवार को सर्वधर्म सामुहिक विवाह समिति की एक बैठक वेडिंग विल्स मैरेज गार्डन हिरापूर में संपन्न हुई। बैठक में समिति की 2022-2025 सत्र की नई कमिटी का पुनर्गठन सर्वसम्मति से हुआ। समिति के चेयरमैन मंजीत सिंह ने नई कमिटी की घोषणा करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार सिंह का नाम प्रस्तावित किया। जिस पर युवा संघर्ष मोर्चा के दिलीप सिंह ने समर्थन दिया और सङ्गी सदस्यों ने सहमति जताई। नवीनतम कमेटी में ड्डारतजी ड्डागत महासचिव,संजय तिवारी सचिव,अशोक पंडित कोषाध्यक्ष,मुख्य संरक्षक राज सिन्हा,संरक्षक विजय झा रागिनी सिंह,केएन सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, उपाध्यक्ष राजीव साव,गणेश शर्मा,समीरन सरकार, रंजन श्रीवास्तव,रमा सिन्हा,सह सचिव दिलीप सिंह एवं तारक नाथ दास को बनाया गया।समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया आगामी 15 जनवरी 2023 को लगातार नौवें वर्ष 121 जोड़ें का सामुहिक विवाह सङ्गी धर्मों से जुड़े युवक एवं युवतियों का विवाह समारोह गोल्फ ग्राउंड धनबाद में आयोजित जाएगी। जिसका रजिस्ट्रेशन फॉर्म बेकारबांध स्थित पंडित डेकोरेटर्स में निशुल्क दिया जा रहा है। इच्छुक जोड़ें फार्म ले सकते हैं। शादी के आवेदन प्राप्त करने के

## नवजात का हाथ-पैर नोंच कर शव को मुंह में लेकर घूमता दिखा कुत्ता, लोगों ने छुड़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** संतान पाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते। कहां-कहां माथा नहीं टेकते, लेकिन झारखंड से मानवीय संवेदना को तार-तार करने वाली एक खबर सामने आयी है। मामला बोकारो शहर का है, जहां एक नवजात बच्चे को लावारिश हालात में फेंक दिया गया, जिसके बाद उस नवजात को कुत्ते ने अपना निवाला बना लिया। कुत्ते ने नवजात शिशु का हाथ और पैर नोंच खाया था। यह घटना बीएस सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 2 इ की है। मामले की जानकारी लगते ही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात शिशु के शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के मुताबिक बीएस सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 2 इ प्लॉट संख्या2-037 के पास स्थानीय लोगों ने एक नवजात के शव को कुत्ते के द्वारा घसीट कर ले जाते हुए देखा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने कुत्ते को मार कर मौके से भगाया और बच्चे का शव कुत्ते से छुड़ाया। फिर इसकी सूचना सीसीआर के माध्यम से पुलिस को दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर दफना दिया गया। शव की पहचान नहीं हो पायी है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। जिस तरह से मृत नवजात शिशु को कुत्ते के द्वारा घसीटा जा रहा था, ऐसे में कहा जा सकता है कि नवजात को किसी के द्वारा फेंका गया था, जिसे कुत्ते ने अपना निवाला बना लिया।

## छठ महापर्व को लेकर डीसी ने किया कई छठ तालाबों का निरीक्षण

**धनबाद/झरिया(आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से जुटा हुआ है। गुरुवार को डीसी संदीप कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस प्रशासन की टीम जिले के कई छठ तालाबों का निरीक्षण किया, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से विधि व्यवस्था की जानकारी ली। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सरकार के गाइडलाइन का पालन करते हुए तालाब,नदी स्थित घाट पर सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में डीसी, नगर आयुक्त के साथ झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब पहुंचे।

टीम ने घाट का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम में धनबाद एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी और नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार सहित आधा दर्जन से अधिक अधिकारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छठ घाट पर साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था सहित छठ व्रतियों के लिए समुचित व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया गया। वहीं छठ पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर भी स्थानीय प्रशासन को कई दिशा निर्देश दिये गए। इस दौरान मौके पर छठ पूजा समिति के सदस्य, समाजसेवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा नेत्री रागिनी ने भगवान चित्रगुप्त से झरियावासियों के लिए मांगा आशीर्वाद

# राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर, सरकार को सद्बुद्धि दे भगवान:रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह झरिया चिल्ड्रन पार्क स्थित चित्रगुत मंदिर पहुंची। जहां उन्होंने भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर झरिया सहित प्रदेश वासियों के लिए आशीर्वाद मांगा। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है। वहीं झारखंड सरकार ने लोगों के साथ छल करने का कार्य किया है। राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है। लोगों को परेशान करने के नए तरीके इजाद किए जा रहे है। भगवान चित्रगुप्त ऐसी सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करें। मौके पर पूजा समिति के संयोजक श्रीकांत अम्बस्ट, योगेंद्र श्रीवास्तव, श्रीकांत श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव के अलावे समिति के कई अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद थे।



भगवान चित्रगुप्त की पूजा करती भाजपा नेत्री रागिनी सिंह व अन्य।

### समाज में शांति व समरसता का संचार करें : शिवांश

झरिया के पाथरडीह स्थित किड्स एंजेल पब्लिक स्कूल परिसर में श्रीश्री सार्वजनिक चित्रगुप्त पूजा समिति इस वर्ष भी धूमधाम से चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें एडवोकेट बीके श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, शिवांश श्रीवास्तव, नम्रता श्रीवास्तव, सरिता सिन्हा, ज्योति श्रीवास्तव, सावित्री देवी, शंभू सारण श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव आदि लोग शामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ धनबाद जिलाध्यक्ष शिवांश श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार चित्रगुप्त भगवान समाज के हर एक वर्ग के लोगों का एक समान भाव से लेखा-जोखा रख मुक्ति के मार्ग की ओर अग्रसरित कर, सद्कर्मों का संचार करते है, ठीक उसी प्रकार हमलोगों को भी समाज में शांति, सद्भाव,एकता,समरसता का सन्देश का संचार करना चाहिए।

### बेरमो में धूमधाम से मनी चित्रगुप्त पूजा

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कास्य महापरिवार द्वारा फुसरो नगर परिषद के करगली बाजार फुसरो समिति द्वारा करगली बाजार में भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से मनायी गयी। पंडित संजय पांडे ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराया। यजमान के रूप में शुभम सिन्हा, नवनीत, प्रभात, सुकेन सिन्हा, एचएम प्रसाद, रणधीर सिन्हा, कौशल किशोर सिन्हा अश्वनी श्रीवास्तव मौजूद थे। पूजा अर्चना के पश्चात ड्डात्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर अशोक सिन्हा, संजय सिन्हा, मनोज सिन्हा, संजय कुमार अम्बष्टा, संतोष श्रीवास्तव, शंकर दयाल सिन्हा, संतोष सिन्हा, किशोर सिन्हा जेपी सिन्हा, अनिल श्रीवास्तव, लव कुमार अम्बष्टा आदि मौजूद थे। उधर, श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार करगली बेरमो समिति सुभाष नगर द्वारा कलम दावत का आदि देव भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा सुभाष नगर स्थित कम्यूनिटी हॉल में धूमधाम से मनाया गया। पंडित पिंटू तिवारी ने विधि विधान से पूजा कराया।

# जम्मू रेलवे स्टेशन के पास मिले 18 डेटोनेटर

## बड़ी आतंकी साजिश की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू।** जम्मू शहर में रेलवे स्टेशन पर टैक्सी स्टैंड के पास से एक संदिग्ध बैग मिला है। बताया जा रहा है कि बैग में कई डेटोनेटर और आईडी बरामद किये गये हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम मौके पर हैं। बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है। टीम की तरफ से आसपास के इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जम्मू रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध बैग मिला है। जांच में बैग में इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडी) और करीब 18 डेटोनेटर (एक तरह के विस्फोटक) मिले हैं। पुलिस की टीम ने इन्हें कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी है। आज जम्मू कश्मीर में शौर्य दिवस मनाया जा रहा है। इस बीच शहर जम्मू के बीचों-बीच स्थित रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध बैग का मिलने से लोग सकते में आ गये हैं। पुलिस और सुरक्षाबल मामले की जांच कर रहे हैं।



### टैक्सी स्टैंड के पास से एक बैग बरामद किया गया

एसएसपी जीआरपी आरिफ रिशु ने कहा कि जम्मू रेलवे स्टेशन में टैक्सी स्टैंड के पास से एक बैग बरामद किया गया है। इससे विस्फोटक सामग्री मिली है। जांच में पता चला कि बैग में 18 डेटोनेटर और कुछ तार मिले हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## भारतीय एयरफोर्स के लिए टाटा बनायेगा ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय वायु सेना के लिए सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बनाने की जिम्मेदारी टाटा एयरबस को सौंपी गई है। कंपनी वडोदरा स्थित प्लांट में इन एयरक्राफ्ट का निर्माण करेगी। यह जानकारी सेना के अधिकारियों ने दी। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि यह पूरी तरह स्वदेशी में से एक होगा। भारत में बने विमानों की आपूर्ति 2026 से 2031 तक की जायेगी। पहले 16 विमान 2023 से 2025 के बीच आयेंगे। भारतीय वायु सेना अंततः इस सी-295 परिवहन विमान की सबसे बड़ी परिचालक बन जायेगी। रक्षा सचिव ने कहा कि आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं है। नीति यह है कि भारत में जो कुछ भी बनाया जा सकता है वह यहां बनाया जाएगा। रक्षा बलों के लिए मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए एक जोरदार प्रयास किया जा रहा है। ऑपरेशनल तैयारियों से समझौता नहीं किया जाता है और ऑपरेशनल तैयारी हमारे दिमाग में सबसे आगे है। सैन्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि गुजरात के वडोदरा में बनने वाले इस प्लांट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्तूबर को करेंगे। रक्षा सचिव अजय कुमार ने कहा कि गुजरात के वडोदरा में एयरबस सी-295 परिवहन विमान के उत्पादन के लिए एक विनिर्माण केंद्र स्थापित किया जायेगा।

# शिकायत मिलने के 100 मिनट के अंदर कार्रवाई होगी: चुनाव आयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वोटरों को पैसे देना, वोट देने की धमकी देना, साइलेंस के समय सभा करना, वोटिंग के दौरान लोगों को प्रभावित करना। ये सभी राजनीतिक दल और कार्यकर्ता इससे दूर रहै। अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इसको लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों ने शिकायत की है। ऐसी शिकायत मिलने के 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की जायेगी। मोबाइल वीडियो और सबूत के तौर पर लिया जायेगा। अगर कोई राजनीतिक दल और कार्यकर्ता अवैध काम कर रहा है तो लोग सी-विजिल एप के जरिये शिकायत कर सकते हैं। सी-विजिल एप के जरिये अब तक 6 शिकायतें मिल चुकी हैं। अब तक 102 शिकायतें मिल चुकी हैं। 216 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



# तेरापंथ समाज, भुवनेश्वर ने मनाया श्रीयंत्र सिद्धि जपानुष्ठान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** तेरापंथ महिला मंडल द्वारा दीपावली के उपलक्ष में त्री-दिवसीय (23 से 25 अक्टूबर 2022 तक) तेरापंथ भवन में मुनिश्री डा. ज्ञानेंद्र कुमार जी ठाणा 3 के सानिध्य में श्री यंत्र सिद्धि जपानुष्ठान रखा गया। इसमें सभी प्रकार की सुख, शांति, वैभव आदि के लिये आध्यात्मिक अनुष्ठान रखा गया। मुनिश्री डा. ज्ञानेंद्र कुमार जी, मुनि डा. बिमलेश कुमार ने तीन दिन तक प्रातः 8.30 बजे से 10 बजे तक अनथक मंत्रों का उच्चारण शुद्धता के साथ किया। निश्चित स्थान पर बैठकर एकाग्र भाव से 150 के करीब महिलाओं तथा पुरूषों ने इस अनुष्ठान में भाग लिया। मंत्रोचार से वातावरण आध्यात्मिक बना तथा भावों की शुद्धि हुई। अनुष्ठान में पीतल का श्री यंत्र रखा गया तथा तीन दिनों की प्रतिष्ठा के बाद मंत्रोच्चार से उसकी स्थापना अपने घरों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त के साथ की गई।




# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए प्रायोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कंपनी के दर्शन के मूल में, सीएसआर एनटीपीसी के बिजली उत्पादन और लाखों भारतीयों के जीवन को रोशन करने के व्यवसाय का एक अभिन्न अंग रहा है। उपरोक्त भावना को देखते हुए स्थानीय समुदाय के विकास के लिए कौशल विकास आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनटीपीसी कोयला खनन ने केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से कौशल विकास के लिए झारखंड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित सभी कोयला खनन परियोजनाओं और इसके आसपास की 4 लड़कियों सहित 80 परियोजना प्रभावित युवाओं को प्रायोजित करने की पहल की है। सिपेट रांची पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) एनटीपीसी पार्थ मजूमदार द्वारा 22 अक्टूबर, 2022 को सिपेट रांची में इस कौशल विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। प्रवीण बछव, संयुक्त निदेशक और प्रमुख, सिपेट, रांची और शिवम श्रीवास्तव, परियोजना प्रमुख (पकरी बरवाडीह), एसके रे, परियोजना प्रमुख (तालियापल्ली), फैज तैयब, परियोजना प्रमुख (केरेंदरी), बीएम सिंह, परियोजना प्रमुख (चट्टीबरियातू), केएस मूर्ति, जीएम (एचआर), अमित कुमार दुबे, जीएम (सुरक्षा और खनन) और टीके कोनार, जीएम (तकनीकी सेवायें) इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान, सिपेट युवाओं को दो पाठ्यक्रमों यानी मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक प्रोसेसिंग और मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग में नौकरी-उन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इस अवसर पर बोलते हुए, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, मजूमदार ने कहा कि एकल उपयोग प्लास्टिक के अलावा प्लास्टिक से बने उत्पादों का दैनिक उपयोग व्यापक है जो दशार्ता है कि बाजार बड़ा है और इसलिए इस क्षेत्र में नौकरियों की मांग बहुत उत्साहजनक है। पाठ्यक्रम के लिए नामांकित छात्रों को संबोधित करते हुए, श्री मजूमदार ने साझा किया कि प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सिपेट एक बहुत अच्छा संस्थान है, जो इस 6 महीने के कार्यक्रम के दौरान कौशल सीखने और विकसित करने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा और रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता की सुविधा प्रदान करेगा। इसलिए सभी छात्र अपना अधिकतम समय पाठ्यक्रम को सीखने में लगायें और सिपेट, रांची में उपलब्ध मशीनरी, प्रयोगशालाओं आदि की सुविधाओं का उपयोग करें।



### पाठ्यक्रम के सफल समापन के लिए शुभकामनाएं दीं

इस अवसर पर एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने विचार साझा किये और छात्रों को पाठ्यक्रम के सफल समापन के लिए शुभकामनायें दी और दूसरों को उनकी सफलता की कहानी से प्रेरित किया। उद्घाटन कार्यक्रम से पहले, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), कोयला खनन परियोजनाओं के बीयूएच और एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने शैक्षणिक और उद्योग सुविधाओं के बारे में जानने के लिए सिपेट परिसर और इसकी कार्यशाला, प्रयोगशालाओं का दौरा किया।

# ब्लौरा सोहराई जतरा में जैलेंद्र कुमार ने खोरहा टीमों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** गेतलसूद के ब्लौरा में गुरुवार को सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। सोहराई जतरा में परासटोली, टुंगरीटोली, करंजटोली, बजरंग चौक, लेंभाटोली की खोरहा टीम नाच गान करते हुए जतरा में शामिल हुई। मेला समिति की ओर से सभी खोरहा टीमों को नकद एवं सरना झंडा देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि प्रमुख दीपा मिंज, लगेतलसूद मुखिया शांति मुंडा थे। पूजा राजेश पाहन ने की। अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर मुंडा एवं संचालन शिवा महतो ने की। इस मौके पर जोन्हा के अनगड़ा प्रखंड के पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष जगेसर महतो,पंसस दिलीप बेदिया,सचिव रामू उरांव, शिशू उरांव, वीचा उरांव, शनिका उरांव, ममता देवी, प्रेम उरांव, प्रकाश उरांव, नटराज उरांव, पलटू उरांव, गुनू उरांव, बिनोद उरांव, टिंकू उरांव, प्रदीप उरांव, हेमंत महतो, जगेश्वर महतो, बिगेश्वर महतो उपस्थित थे।



### हेट स्पीच मामले में आया फैसला, विधायकी पर लटकी तलवार

# आजम खान को तीन साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** सपा विधायक और पूर्व मंत्री आजम खान को गुरुवार को बड़ा झटका लगा। हेट स्पीच (भड़काऊ भाषण) के मामले में उन्हें तीन साल की सजा सुनायी गयी है। उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने सजा देने के साथ ही आजम को जमानत भी दे दी है। सजा के बाद आजम खान की विधायकी पर भी तलवार लटक गयी है। आजम खान को सजा केवल उनके लिए नहीं, बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है। आजम खान सपा में अखिलेश यादव के बाद सबसे कद्दावर नेता माने जाते हैं। गुरुवार की दोपहर करीब दो बजे एमपीएमएलए की विशेष अदालत ने सुनवाई शुरू करने के बाद आजम को दोषी ठहराते ही कस्टडी में ले लिया था। चार बजे के करीब अदालत ने फैसला सुनाया। इस दौरान आजम खां कस्टडी में ही रहे। आजम के खिलाफ तीन धाराओं में केस दर्ज हुआ था। तीनों ही मामलों में उन्हें दोषी माना गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आजम पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि भाषण के दौरान आजम खां ने पीएम मोदी और सीएम योगी पर भी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था।

**आजम की दलील खारिज :** इससे पहले आजम खान ने फैसले की तारीख टालने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उनकी ओर से कहा गया था कि मामला हाइकोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए फैसले की तारीख को आगे बढ़ाया जाये। कोर्ट ने उनकी दलील खारिज करते कर दी थी।

# शराब की फैक्टरी में लगी आग, चार लोग झुलसे

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित शराब की फैक्टरी में गुरुवार को अचानक आग लग गई। इससे हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने चार लोग घायल हो गये हैं। सभी को फैक्टरी से बाहर निकलकर सेक्टर 32 अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पाकर एसडीएम, डीएसपी, दमकल विभाग सहित कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, इस फैक्टरी में शराब की पैकिंग का काम होता है। आग की सूचना पर पहुंची 10 से 12 दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। घटना दोपहर पौने दो बजे की है। अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग लगने के कारणों के बारे में जांच की जा रही है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**